वर्ष 24, अंक 210, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 8 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'विश्वास' भारत की सबसे बड़ी मुद्रा, हम टोप 3 अर्थव्यवस्था के करीब

**कुआलालंपुर**

**प्रधानमंत्री** मोदी ने शनिवार को कुआलालंपुर में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही मलेशिया में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखा है और तब यह 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, लेकिन अब हम शीर्ष तीन में शामिल होने के करीब हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जल्द ही छात्रों को भारत में अध्ययन करने के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति प्रदान करेगा और यह भी बताया कि ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं; विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि भारत को सिर्फ एक विशाल बाजार के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा कि अब हम निवेश और व्यापार का केंद्र हैं। भारत को विकास के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखा जाता है। चाहे वह ब्रिटेन हो, यूएई हो, ऑस्ट्रेलिया हो, न्यूजीलैंड हो, ओमान हो, यूरोपीय संघ हो या अमेरिका हो, इन सभी देशों के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं। भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मलेशिया में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा भारतीय मूल का समुदाय है। भारतीय और मलेशियाई दिलों को जोड़ने वाली कई चीजें हैं। आप ही वो जीवंत सेतु हैं जो हमें जोड़ता है। आपने रोटी कनाई को मालाबार परोटा से जोड़ दिया है। नारियल, मसाले और हां, तेह तारिक। कुआलालंपुर हो या कोच्चि, ये स्वाद इतने परिचित लगते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यह शायद आपकी भाषाओं और मलय भाषा में समान शब्दों की बड़ी संख्या के कारण है। मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में लोकप्रिय हैं। आप सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं। लेकिन भारत में कई भारतीयों को यह पता नहीं था। उनकी पिछली यात्रा के दौरान, वे सुखद रूप से आश्चर्यचकित हुए। भारत में एक पुराना हिंदी गीत गाते हुए उनका वीडियो वायरल हो गया। यह भी बहुत अच्छी बात है कि उन्हें महान एमजीआर के तमिल गाने पसंद हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने अभी-अभी एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी है।

### 'बीते 75 नहीं, आने वाले 25 साल गिनता हूं'

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत छात्रों के साथ बातचीत के दौरान अपनी उम्र का जिक्र किया और पिछले सितंबर में 75 वर्ष के होने की याद दिलाने वाले एक फोन कॉल का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री की पार्टी भाजपा अतीत में 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति की परंपरा का पालन करती रही है, हालांकि इसके कुछ अपवाद भी रहे हैं। इसी संदर्भ में, 1 सितंबर को जब वे 75 वर्ष के हुए, तो उनकी उम्र को लेकर काफी चर्चा हुई।

पिछले साल जन्मदिन पर मिले एक फोन कॉल को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि एक नेता ने उन्हें याद दिलाया कि उन्होंने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस पर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि अभी 25 वर्ष बाकी हैं और कहा कि वे बीते हुए वर्षों को गिनने के बजाय आने वाले वर्षों को गिनना पसंद करते हैं। इस बातचीत का वीडियो केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ऑनलाइन साझा किया। उनके इस बयान ने भाजपा की उस अनौपचारिक प्रथा पर फिर से चर्चा छेड़ दी है, जिसमें नेता 75 वर्ष की आयु के बाद पद छोड़ देते हैं।

## '2048 की तैयारी करें अखिलेश यादव', सपा चीफ के चुनाव प्रचार अभियान पर बोले केशव प्रसाद मौर्य

**उत्तर प्रदेश**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा साल 2027 के चुनाव प्रचार अभियान के शुरूआत करने के सवाल पर यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बड़ा बयान दिया है. डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अखिलेश यादव 2048 के चुनाव की तैयारी करें. 2047 तक सपा के लिये जनता के मन मानस में कोई संभावना नहीं है, उनका पीडीए फर्जी था उसकी धज्जियां उड़ चुकी हैं. डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह बांटो और राज करो करना चाहते हैं, साल 2017 तक अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री थे. उन्होंने अनुसूचित और पिछड़े वर्ग के लोगों को कुचलने का काम किया. अपनी सरकार में जातिवाद किया, परिवारवाद किया. गुंडो, माफियाओं और दंगाइयों को संरक्षण देने का काम किया. 2048 तक सपा का यूपी में और कांग्रेस का केंद्र में कोई भविष्य नहीं है. लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सत्ता वियोग में बौखलाए हैं. राहुल गांधी पीएम की कुर्सी पर अपने परिवार को देखना चाहते हैं.



उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज कुशीनगर के तमकुही मे बीजेपी नेता जगदीश मिश्रा के विद्यालय के उद्घाटन अवसर पर आए थे. उन्होंने यहाँ एक जनसभा को भी संबोधित किया, अपने संबोधन में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार में गरीबों को अमीर बनाने का प्रयास हो रहा।

## दिल्ली के मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का बदला नाम, अब हुआ श्री राम मंदिर मयूर विहार

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्वी हिस्से में स्थित मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम अब बदल दिया गया है. अब यह स्टेशन ह्यश्रीराम मंदिर मयूर विहारह्व के नाम से जाना जाएगा. इस बदलाव को लेकर लोगों के मन में कई सवाल हैं कि आखिर नाम बदलने की जरूरत क्यों पड़ी और इसके पीछे क्या वजह रही.




जानकारी के मुताबिक, मयूर विहार इलाके में पहले से ही मयूर विहार पॉकेट-1 और मयूर विहार फेज-1 नाम के दो मेट्रो स्टेशन मौजूद थे. नाम काफी मिलते-जुलते होने की वजह से यात्रियों को अक्सर भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ता था. कई बार लोग गलत स्टेशन पर उतर जाते थे, जिससे समय और परेशानी दोनों बढ़ जाती थीं. खासकर बुजुर्ग, नए यात्री और बाहर से आने वाले लोगों को अधिक दिक्कत होती थी.

दिल्ली के मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का बदला नाम, अब हुआ श्री राम मंदिर मयूर विहार

इसी समस्या को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कई नेताओं ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने की मांग की थी।

### "29 साल की बूढ़ी हूं" सरकारी नौकरी से परेशान महिला ने रोया अपना दुखड़ा

**नई दिल्ली**

**सरकारी** नौकरी, एक ऐसा पेशा जिसे हर कोई पाना चाहता है. वक्त के साथ प्रमोशन और नौकरी की सुरक्षा के लिए ज्यादातर लोग सरकारी विभागों की ओर भागते हैं. लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सरकारी नौकरी से तंग आ चुके हैं और इसे लेकर खूब पछता रहे हैं. हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं, जिसमें एक महिला अपनी सरकारी नौकरी से इतनी तंग आ चुकी है ।

## 'अपनी मर्जी से लेन-देन करेंगे, किसी के दबाव में नहीं'- मोहन भागवत

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के बाद दो टूक बयान देते हुए कहा कि हम दुनिया से अलग-थलग नहीं रह सकते हैं, लेकिन लेन-देन करेंगे तो अपनी मर्जी से करेंगे. किसी के दबाव में नहीं करेंगे, न ही टैरिफ देखकर फैसले लेंगे.




उन्होंने कहा कि हम जो भी खरीदारी करेंगे, वह अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली होगी. हमें स्वदेशी को अपनाना चाहिए. जहां कोई विकल्प नहीं है और विदेश के अलावा कोई रास्ता नहीं है, वहां विदेशी वस्तुओं को अपनाया जा सकता है.

टैरिफ को लेकर क्या बोले मोहन भागवत?

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आज शनिवार (7 फरवरी, 2026) को संघ यात्रा के 100 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित व्याख्यानमाला को संबोधित करने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, ह्यनीति के स्तर पर हम यह कहते हैं

कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लेन-देन करना पड़ता है. नीति धीरे-धीरे चल रही है. नीति अपनी गति से बदलती है और आगे बढ़ेगी, लेकिन अपने घर के स्तर पर हम स्वदेशी को लागू करेंगे।

## क्या रूस से तेल खरीदना बंद करेगा भारत?

### US-इंडिया ट्रेड डील के बाद ट्रंप ने किया था दावा, अब MEA ने दिया ये जवाब

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएस-इंडिया ट्रेड डील का ऐलान करते हुए दावा किया था कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद करेगा. इसको लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय का जवाब सामने आया है. विदेश मंत्रालय ने शनिवार (7 फरवरी, 2026) को रूसी तेल खरीद को लेकर अपने पुराने रुख को दोहराया है. टएअ ने कहा कि भारत की एनर्जी सिक्योरिटी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है.

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'भारत के ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है. जहां तक ??भारत की ऊर्जा स्रोतों का संबंध है, सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.'



MEA के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ह्यबाजार की परिस्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के अनुरूप ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मुख्य आधार है. भारत के सभी फैसले इसी दृष्टिकोण से लिए गए हैं और आगे भी लिए जाएंगे.

दरअसल, अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल खरीदना पूरी तरह से बंद कर दे. इस मामले में भारत ने स्पष्ट किया कि देश की ऊर्जा जरूरतें किसी भी अन्य विचार से ऊपर है. रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर यह लगातार भारत का रुख रहा है।

## प्रयागराज में नाबालिग लड़की के साथ गंदा काम

**प्रयागराज**

**प्रयागराज** के पुलिस कमिश्नरेट के गंगानगर जोन के फाफामऊ थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की का अपहरण कर आईवीएफ सेंटर में ओवा एक्सट्रैक्शन कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए पूरी साजिश में शामिल चार महिलाओं और एक पुरुष समेत पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. पुलिस चारों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी कर रही है.

15 साल की नाबालिग का अवैध रुप से किया ओवा एक्सट्रैक्शन

डीसीपी गंगानगर जोन कुलदीप सिंह गुनावत के मुताबिक फाफामऊ थाने में अनीता गौतम पत्नी लव कुश गौतम ने शिकायत दी थी. जिसमें उसने करेली निवासी पलक हेला और उसकी मां रिंकी हेला पर अपनी 15 साल की नाबालिग बेटी का अपहरण कर जबरन बहला फुसलाकर इंदिरा आईवीएफ सेंटर में अवैध रुप से ओवा एक्सट्रैक्शन कराने का आरोप लगाया था।

## फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में बड़ा हादसा, झूला टूटने से आधा दर्जन लोग घायल, इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद**

**फरीदाबाद** में चल रहे सूरजकुंड मेले में सुनामी झूला टूटने से कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है. घटना के बीच बचाव के लिए पहुँचे इंस्पेक्टर समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं. इसमें घायल इंस्पेक्टर को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई है. पलवल में तैनात इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की बचाव के दौरान मौत हो गई है. डीसी आयुष सिंह ने कहा कि इस हादसे में कुल 13 लोग घायल हुए हैं जिनमें से एक की मौत हुई है. यह झूला शाम 6.15 के आस पास गिरा था.



मौके पर पहुंचे जिला उपायुक्त एमडी टूरिज्म और पुलिस के आला अधिकारी पहुंच गए हैं. हादसे के बाद इलाके की बेरिकैडिंग की गई है. बता दें कि इससे पहले फूड कोर्ट में हवा से गेट के गिरने से भी हादसा हुआ था. जिसमें दो लोग घायल हुए थे.

शनिवार को हुए दो हादसे

सूरजकुंड मेले में शनिवार ( 7 फरवरी) को दो हादसों की खबर सामने आई है. इस कई लोग घायल हुए हैं. पहले हादसे में गेट के गिरने से हादसा हुआ, जबकि दूसरे हादसे में सुनामी झूला गिरने की खबर आ रही है।

## दुश्मन को धूल चटाने की तैयारी

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद और मजबूत होगी एयर सर्विलांस; 725 करोड़ की होगी डील




**नई दिल्ली**

**ऑपरेशन** सिंदूर के बाद सरकार भारतीय सेना की एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत बनाने पर जोर दे रही है. 2026-27 के लिए बनाए गए केंद्रीय बजट में डिफेंस सेक्टर को 7.85 लाख करोड़ रुपये अलॉट किए गए. इनमें भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए 2.19 लाख करोड़, विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे.

इसी क्रम में सेना ने एयर सर्विलांस और जंग में लड़ने की तैयारी को मजबूत करने के अपने प्रयासों को भी तेज कर दिया है. 30 लो-लेवल हल्के रडार खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय का रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करना इसी बात का सबूत है.

725 करोड़ रुपये की होगी बड़ी डील

यह डील लगभग 725 करोड़ रुपये में होने का अनुमान है. जरूरी ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए रडार फास्ट ट्रैक प्रोक्योरमेंट रूट से खरीदे जाएंगे. अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रह गई कमियों को दूर करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है.

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आसमान में दुश्मन की गतिविधियों और ड्रोन हमलों की पहचान भारतीय सेना के रडार सिस्टम ने दुश्मनों के नापाक मंसूबो पर पानी फेर दिया था. रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भारत में डिफेंस सेक्टर के लिए किसी भी तरह की खरीद की प्रक्रिया में एक अहम शुरूआती कदम है, जिसके जरिए रक्षा मंत्रालय संभावित वेंडर्स से बोली मंगवाता है, जिसमें उपकरण खरीदने के लिए टेक्निकल स्पेसिफिकेशन्स और कमर्शियल शर्तें बताई जाती हैं।

## भारत बंद!! ऐप-आधारित ड्राइवरों और डिलीवरी पार्टनर्स की देशव्यापी हड़ताल

**नई दिल्ली**

भारत भर में ऐप-आधारित परिवहन और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लाखों कर्मचारियों ने 7 फरवरी को 'अखिल भारतीय ब्रेकडाउन' का आह्वान किया। गिग वर्कर्स और डिलीवरी पार्टनर्स के यूनियनों द्वारा बुलाई गई इस हड़ताल के कारण ओला , उबर , रैपिडो और पोर्टर जैसी प्रमुख सेवाओं पर व्यापक असर देखने को मिला।

यह विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के नेतृत्व में किया गया। यूनियनों का आरोप है कि प्लेटफॉर्म कंपनियां गिग वर्कर्स का शोषण कर रही हैं। विरोध के तीन प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं:

गिरती आय: ड्राइवरों का कहना है कि उनकी कमाई लगातार कम हो रही है, जबकि काम के घंटे बढ़ रहे हैं।




बढ़ती परिचालन लागत: ईंधन की कीमतों और वाहनों के रखरखाव के बढ़ते खर्च ने उनकी बचत को खत्म कर दिया है।

मनमाना किराया: कंपनियां बिना किसी नियम के एकतरफा किराया तय करती हैं, जिससे ड्राइवरों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

यूनियनों ने कहा कि यह आंदोलन केंद्र और राज्य सरकारों पर मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 के तहत न्यूनतम बेस किराए को लागू करने का दबाव बनाने के लिए था। यूनियनों के अनुसार, बेस किराए को नोटिफाई न करने के कारण एग्रीगेटर कंपनियों को मनमाने ढंग से कीमतें तय करने की छूट मिल गई है, जिससे वर्कर्स को कम कमाई के लिए ज्यादा घंटे काम करना पड़ रहा है और बिना किसी सुरक्षा के ऑपरेशनल जोखिम उठाने पड़ रहे हैं। TGPWU के संस्थापक अध्यक्ष और IFAT के सह-संस्थापक और राष्ट्रीय महासचिव शेख सलाउद्दीन ने कहा कि सरकारी कार्रवाई की कमी ने गिग वर्कर्स के लिए काम करने की स्थिति को और खराब कर दिया है।

सलाउद्दीन ने कहा, एग्रीगेटर गाइडलाइंस, 2025 में किराए तय करने से पहले मान्यता प्राप्त मजदूर यूनियनों से सलाह-मशविरा करना साफ तौर पर जरूरी है। हालांकि, सरकारें कार्रवाई करने में नाकाम रही हैं, जिससे प्लेटफॉर्म्स को शोषण बढ़ाने का मौका मिल रहा हैह्व यह बंद महाराष्ट्र कामगार सभा द्वारा बुलाई गई ऐप-आधारित टैक्सी और ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों की एक दिन की देशव्यापी हड़ताल के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने अवैध बाइक टैक्सी सेवाओं के खिलाफ कार्रवाई और अनिवार्य पैनिक बटन इंस्टॉलेशन से संबंधित शिकायतों सहित अपनी मांगों को पूरा करने पर जोर दिया। एक बयान में, यूनियन ने कहा कि पैनिक बटन अप्रूवल में बार-बार बदलाव के कारण ड्राइवरों पर वित्तीय बोझ पड़ रहा है। बयान में कहा गया है, ह्लजबकि केंद्र सरकार द्वारा 140 पैनिक बटन डिवाइस प्रोवाइडर्स को मंजूरी दी गई है, राज्य सरकार ने इनमें से लगभग 70 प्रतिशत कंपनियों को अनाधिकृत घोषित कर दिया है।

# डीएम के समक्ष बड़ी संख्या में लोगों ने की शिकायत, 208 शिकायतें आई

## बाल विकास पुष्टाहार की ओर से लगाए गए स्टॉल का किया निरीक्षण।




**करछना।** करछना तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम की आने की सूचना को लेकर सुबह 10:00 बजे से ही बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतों को लेकर जिला अधिकारी का इंतजार कर रहे थे लेकिन घंटों इंतजार के बाद 1:10 पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा पहुंचे और कतार में खड़े शिकायतकताओं से बारी बारी से उनकी शिकायतो को सुना और विभाग वार अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीम भारतीय मीणा और तहसीलदार बृजेश कुमार की कार्य शैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम से मिले जिस पर उन्होंने अलग से वार्ता करने की बात कही इसके बाद उन्हों ने संपूर्ण समाधान के उपरांत अधिवक्ताओं से एसडीएम चेंबर में वार्ता की और एडीएम विनोद कुमार को जांच के लिए नामित किया गया और उनसे जांच कर आख्या देने की बात कही । संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिला अधिकारी के समझ कल 208 शिकायतें दर्ज की गई जिसमे सबसे अधिक राजस्व ,पुलिस, बिजली, शिक्षा ,स्वास्थ्य , सिंचाई,और आपूर्ति से संबंधित शिकायतें रही। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बाल विकास पुष्टाहार की ओर से लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया और गर्भधात्री महिलाओ को दिए जाने वाले पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी ली,संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत राजस्व कर्मियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर निस्तरों मेला प्रवाही बढ़ाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी और शिकायतों का त्वरित निस्तकरने के लिए निर्देश दिया साथ ही उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त की की शिकायतकर्ता को बार-बार शिकायत क्यों करनी पड़ती है इसके लिए शिथिलता बरतने वाले विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। इस लिए सीदी का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए।इस मौके पर एसडीएम भारती मीणा , डीसीपी विवेक कुमार, एसीपी सुनील कुमार सिंह, तहसीलदार बृजेश कुमार, वीडियो अमित कुमार, एडिशनल सीएमओ डॉ नवीन कुमार गिरी, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर वाई पी सिंह,नायब तहसीलदार संध्या गोस्वामी, नायब तहसीलदार अनुग्रह नारायण सिंह, नायब तहसीलदार संतोष यादव, कानूनगो राजेश जायसवाल,विनोद भारतीय समेत कई विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मऊआइमा में सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक की स्थापना का रास्ता साफ

**मऊआइमा।** एमएलसी सुरेंद्र चौधरी के प्रयास से मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में सरदार पटेल आडिटोरियम की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है । जानकारी के अनुसार मऊआइमा टाउन एरिया स्थित गाटा संख्या 4712, रकबा लगभग 3.5 बीघा भूमि ग्राम सभा लोनार से आच्छादित है जो कि सरकारी भूमि है, और मौके पर खाली है जिस पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कब्जा मुक्त कराया। इस संबंध में लेखपाल राजकुमार सागर की तहरीर पर भूमाफियाओं के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल का आडिटोरियम बनाया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए पार्क, पुस्तकालय और हरियाली विकसित करने की भी योजना है। स्मारक बनने से क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी और लोगों को प्रेरणा मिलेगी।

## फाफामऊ के गंगा पुल स्थित रेलवे ट्रैक पर एक छात्रा का शव मिला, आत्महत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** फाफामऊ के गंगा पुल स्थित रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह एक 19 वर्षीय छात्रा का शव मिला है। सूचना पर पहुंची शिवकुटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आजमगढ़ जिले के मीरअहमदपुर दीदारगंज निवासी जय प्रकाश किसान हैं। उनके चार बच्चों में बड़ी बेटी दीपिका (19) तेलियरगंज में किराए का कमरा लेकर एएनएम की पढ़ाई करती थी। शनिवार की सुबह शिवकुटी पुलिस को सूचना मिली कि फाफामऊ के गंगा पुल स्थित रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त दीपिका के रूप में की। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। खबर पाकर मोर्चरी पहुंचे मृतका के चाचा कमल सिंह ने बताया कि दीपिका अपने मामा के बच्चों के साथ तेलियरगंज में किराए का कमरा लेकर रहती थी। वह पढ़ने में होशियार थी। उसके साथ क्या हुआ उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि दीपिका ने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड किया है। जबकि परिजन कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। हालांकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। दीपिका की मौत की खबर सुनकर मोर्चरी पहुंचे चाचा कमल सिंह और पिता जय प्रकाश सिंह ने बताया कि बेटी को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं थी। वह खुश थी और शुक्रवार की देर रात तक अपनी मां राजकुमारी से बात भी की थी।

# नैनी बड़ी सब्जी मंडी में मिला लावारिस सूटकेस, मच हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के बड़ी सब्जी मंडी में शनिवार को एक लावारिस सूटकेस मिलने से हड़कंप मच गया। लावारिश सूटकेश देख स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस भीड़ को सूटकेश से दूर किया और सूटकेश को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद डरते हुए सावधानी से खोला सूटकेश खुलने पर उसमें से कुछ कैमरे से जुड़े पुर्जे मिले है। जिसके बाद पुलिस और लोगों ने राहत की सांस ली। एक ठेले पर कुछ लोग ने केले खरीदकर खा रहे थें। इस दौरान वह सूटकेश ठेले पर छोड़कर चले गए। उनके जाने के बाद सूटकेश लावारिश हालत में पड़ा रहा। काफी देर तक लावारिश सूटकेश देख स्थानीय दुकानदारों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर चौकी प्रभारी बलिराम अपने सिपाहियों के साथ पहुंचकर सूटकेश से लोगों को दूर किया और फिर बिना डरे सूटकेश को खोला। सूटकेश में कैमरे के कुछ सामान रखे मिले। जिसे देख पुलिस और लोगों ने राहत की सांस ली। चौकी प्रभारी बलिराम ने बताया कि कुछ लोग केला खरीदकर खा रहे थे। उस वक्त अपना सूटकेस छोड़कर चले गए थे। वापस लटने पर उनसे पूछताछ की गई और उन्हें सूटकेस वापस कर दिया गया।

## सवर्ण समाज संगोष्ठी कोरांव में आज शामिल होंगे विमल तिवारी



**पसना।** राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी कोरांव कस्बे के संस्कृत पाठशाला पर सवर्ण समाज द्वारा आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आज कोरांव पधार रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल मिश्रा एडवोकेट ग्वालियर उच्च न्यायालय एवं मुख्य वक्ता जुगल किशोर तिवारी पूर्व डीआईजी होंगे।यह जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी के निजी सचिव पंडित धीरज मिश्र ने दी है।

# बारा समाधान दिवस मात्र दिखावा, झूठी लगा दिया रास्ते का सचिव ने निस्तारण की रिपोर्ट

## अनुपस्थिति जिम्मदारों के खिलाफ होगी कार्यवाई, कटेगा वेतन

**अखंड भारत संदेश**




**बारा।** शनिवार को बारा तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अनुपस्थित अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति समाधान दिवस प्रभारी एडीएम आपूर्ति विजय कुमार ने संबंधित विभाग को किया। बताया कि इसके पहले भी अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। इसके अतिरिक्त सक्षम अधिकारी नहीं आते हैं और अपना प्रतिनिधि भेज रहे हैं उनके भी खिलाफ पत्र जिलाधिकारी प्रयागराज को भेजा जा रहा है।सोनवै गांव सभा मजरा डाँडी के अधिवक्ता शशि भूषण एक वर्ष से दस बार बस्ती के रास्ता आने जाने लायक डब्लू बी एम बनाने की मांग करते चले आ रहे है,वही ब्लाक शंकरगढ़ बैठे सचिव ने निस्तारण की रास्ता न बनवाकर झूठी रिपोट लगा दिया।

रेही गांव के फरियादी राकेश कुमार भारतीय ने पुनः शिकायती पत्र दिया कि वह चार साल से तहसील का चक्कर काट रहा है। बताया कि तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद सरकारी भूमि पर से कब्जा नहीं हट रहा है।

सेमरी कल्बना निवासिनी मनोरमा देवी ने शिकायती पत्र दिया कि भू स्वामी ने अपने हिस्से से अधिक भूमि बेंच कर हमलोगों को परेशान करता है। हरदी के गंगा शरन ने चक मार्ग पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई।गड़ैया कला निवासी कपूर चंद्र अग्रहरि ने चिकित्सालय एवं आबादी के लिए आरक्षित भूमि पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। समाधान दिवस में एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम, तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी, एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव, एसबीएस जसरा सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मेला समापन के बाद सफाई अभियान बनी बड़ी चुनौती, युद्धस्तर पर जुटे सैकड़ों कर्मी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** माघ मेला के सकुशल समापन के बाद मेला क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। मेला सेक्टर सात सहित सभी प्रमुख घाटों पर युद्धस्तर पर सफाई कार्य जारी है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम लगातार निगरानी करते हुए सफाई कार्य करा रही है।

अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और मेला क्षेत्र पूरी तरह स्वच्छ व सुरक्षित बनाया जाए। घाटों, सड़कों, अस्थायी शिविर स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा हटाने के साथ-साथ नियमित रूप से सेनेटाइजेशन भी कराया जा रहा है।

मेला समाप्ति के बाद सफाई को लेकर सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मियों को लगाया गया है, जो दिन-रात अभियान में जुटे हैं। गौरतलब है कि बीते दो महीनों से मेला अवधि के दौरान भी सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा गया था, जिसके लिए सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया जा चुका है।

प्रशासन का कहना है कि मेला समापन के बाद सफाई सबसे बड़ी चुनौती होती है। आगामी महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए तथा उसके बाद भी स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अज्ञात युवती की हुई शिनाख्त दहेज के खातिर हुई हत्या, ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दहेज में अतिरिक्त दो लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की हत्या कर शव नहर के पटरी पर फेंक कर भाग गए। शव का शिनाख्त होने पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मैलहा निवासी सुनील कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय प्रेम नारायण मिश्रा ने अपनी छोटी बहन मुस्कान मिश्रा 22 वर्ष की शादी प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के ग्राम बरहदा निवासी धीरज कुमार मिश्रा के साथ 28 फरवरी 2023 को काफी दान-दक्षिणा देकर किया था। सुनील कुमार का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा दो लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग की जाती रही है। बहन निरंतर प्रताड़ना के बाबत बताती थी। वह उसकी हत्या कर सकते हैं। सुनील कुमार मिश्रा ने बताया 6 फरवरी को मध्य रात्रि में रानीगंज पुलिस ने फोन करके बताया कि उसकी बहन मुस्कान मिश्रा गायब है।तब वह बहन मुस्कान मिश्रा की तलाश में जुट गया तो मालूम हुआ कि उसकी बहन मुस्कान मिश्रा को दहेज के लिए ससुरालियों ने हत्या कर शव छिपाने के लिए मऊआइमा क्षेत्र के गोवर्धनपुर भवानीगढ़ नहर की पटरी पर फेंक कर भाग गए हैं। सुनील कुमार मिश्रा ने मऊआइमा थाने में शनिवार को मृतका मुस्कान के पति धीरज कुमार मिश्रा,ससुर पुष्कर मिश्रा,जेठ नीरज मिश्रा,ननद रिया मिश्रा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## बिना अवकाश या अनुमति के स्कूल छोड़कर इधर-उधर भ्रमण करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई, दी गई चेतावनी

**प्रयागराज।** स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई पर कम ध्यान देने वाले और विद्यालय अवधि में बीएसए कार्यालय या अन्य स्थानों पर भ्रमण करने वाले शिक्षकों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने ऐसे लोगों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार की बात कही है। ऐसा नहीं होने पर सख्त कार्रवाई होगी।



## कार्यालय-जिला कृषि अधिकारी, कौशाम्बी

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद के राजकीय कृषि प्रक्षेत्र कोखराज, गौसपुर टिकरी, राजकीय कृषि प्रक्षेत्र प्रतापगढ़ एवं जनपद प्रयागराज के प्रक्षेत्र देवीबांध एवं छाता के रबी 2024-25 उत्पादित बीजों के छानस की नीलामी सार्वजनिक रूप से दिनांक 12.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे राजकीय बीज विधायन संयत्र कोखराज जनपद कौशाम्बी पर की जायेगी। छानस स्टाक राजकीय बीज विधायन संयत्र कोखराज पर भण्डारित है। छानस स्टाक की स्थिति का निरीक्षण विधायन संयत्र कोखराज पर किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं। छानस स्टाक का विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रक्षेत्र का नाम | छानस मात्रा (कु0में) | |
|---|---|---|---|
| | | गेहूं | राई/सरसो |
| 1. | कोखराज | 23.10 | 1.95 |
| 2. | गौसपुर टिकरी | 27.00 | - |
| 3. | प्रतापगढ़ | 14.40 | - |
| 4. | छाता | 4.80 | - |
| 5. | देवीबांध | 16.60 | - |
| 6. | योग- | 85.90 | 1.95 |

**नीलामी की शर्तें-**

1- नीलामी बोली बोलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को रूपये 5000.00 जमानत के रूप में अग्रिम जमा करना होगा। नीलामी बोली समाप्त होने पर प्रथम बोली बोलने वाले का छोड़कर शेष की जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी।

2. नीलामी बोलने वाले व्यक्ति को पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/निर्वाचन पहचान पत्र) की मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।

3. नीलामी कार्यवाही गठित समिति के समक्ष की जायेगी।

4. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को सम्पूर्ण धनराशि की 25 प्रतिशत धनराशि तुरन्त नगद जमा करना होगा। देना होगा।

5. नीलामी स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर सम्पूर्ण धनराशि जमा कर क्रेता को देना होगा।

6. नीलामी की अन्तिम स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी।

7. नीलामी के सम्बंध में बोली बोलने वाले व्यक्तियों की कोई शर्त मान्य नही होगी।

8. नीलामी की आंशिक/सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति को होगा।

9. स्टाक के साथ बोरे/बोरियां नहीं दी जायेगी। क्रेता को स्टाक स्वयं के साधन से ले जाना होगा।

10. छानस स्टाक पर जी0एस0टी0 व अन्य कर प्रचलित दरों पर क्रेता को देना होगा।

**(सुरूचि विश्वकर्मा)**
**जिला कृषि अधिकारी**
**कौशाम्बी।**

पत्रांक-645/जि0कृ0अ0/प्रक्षेत्र/छानस-नीलामी/2025-26 / दिनांक-07.02.2026


## कोरांव में जाम समस्या को लेकर सपा नेता ने की शिकायत

### तहसील समाधान दिवस प्रभारी ने दिया निराकरण का आश्वासन

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव में जाम की झाम से क्षेत्रवासी परेशान है पूरे बाजार में जाम की स्थिति इतनी बदतर है कि पैदल चलने वाले को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जाम की समस्या से निजात के लिए सपा नेता मेहताब खान कोरांव नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी में तहसील समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क के पटरियों तक दुकानदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने से ग्राहक अपनी गाड़ियों को सड़क पर खड़ी करते है जिसके कारण जाम की स्थित बनी रहती है यदि कोई इस बात का विरोध करता है तो राहगीरों और दुकानदारों के मध्य टकराव की नौबत आ जाती है।जाम में आए दिन स्कूली बच्चे एवं एम्बुलेंस घंटो फंसे रहते है लेकिन इतनी जटिल समस्या के प्रति सक्षम अधिकारियों की उदासीनता चर्चा का विषय है।हालांकि शिकायत की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी कोरांव थाना प्रभारी कोरांव को उक्त समस्या का निराकरण करने का आदेश दिया गया है उक्त मौके पर सपा नेता ने सक्षम अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि यदि इस समस्या का निराकरण शीघ्र ही नहीं किया जाता है तो आगामी तहसील दिवस में उच्चाधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

# पीएनबी मेटलाइफ की ओर से स्कूल में हुआ परीक्षा प्रतियोगिता : बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

### तीनों स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मिला प्राइज

### आज के बच्चे ही कल का भविष्य होंगे : प्रिंसिपल दिनेश कुमार पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**




**थरवई।** स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम स्कूल में पंजाब नेशनल बैंक मेटलाइफ इंश्योरेंस की ओर से परीक्षा एग्जाम प्रतियोगिता आयोजित की ४ जिसमें बच्चों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में यह परीक्षा हुई जिसमें पी एन बी मेट लाइफ की ओर से टीमें रहीं। वहीं परीक्षा को-ऑर्डिनेटर के रूप में रहीं अनुराधा त्रिपाठी। जिसमें बच्चों ने शांतिपूर्ण ढंग से इस परीक्षा प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा को दिखाया जिसमें तीन बच्चों ने स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर प्रियांशु कक्षा प्रथम, द्वितीय स्थान पर छात्रा ज्योति मौर्या कक्षा 5 वीं एवं तृतीय स्थान पर छात्रा प्राची कक्षा 8 वीं तीनों बच्चों को प्राइज के रूप में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय, परीक्षा कोऑर्डिनेटर के में रही अनुराधा व शालिनी शुक्ला के हाथों से सम्मानित किया गया।

# नागरिक सुरक्षा में 14 वार्डनों की नियुक्ति व नवीनीकरण अधिकारियों के हुए पदोन्नति आदेश जारी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा के आदेश दिनांक 4 फरवरी 2026 के क्रम में नागरिक सुरक्षा प्रयागराज के वार्डन सेवा अंतर्गत प्रखंड कर्नलगंज में 14 सदस्यों की अवैतनिक पदों पर नियुक्ति एवं नवीनीकरण किया गया है। इसके साथ ही संगठन में पदोन्नति एवं नई तैनातियों के आदेश भी जारी किए गए हैं।

आदेश के अनुसार प्रखंड कर्नलगंज के डिप्टी डिवीजनल वार्डन एल.के. अहेरवार को पदोन्नत करते हुए उन्हें स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं प्रखंड कर्नलगंज में तैनात घटना नियंत्रण अधिकारी आशीष बाजपेई को डिप्टी डिवीजनल वार्डन के पद पर नियुक्त किया गया है। उक्त आदेश नागरिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा जारी किए गए हैं। नियुक्ति एवं पदोन्नति की जानकारी मिलते ही संगठन के अधिकारियों एवं सदस्यों में हर्ष का माहौल देखा गया। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा, चीफ वार्डन अनिल कुमार, डिप्टी चीफ वार्डन संजीव कुमार बाजपेई, सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी, डिवीजनल वार्डन डॉ. शशांक ओझा सहित विभिन्न प्रखंडों के वार्डनों एवं सदस्यों ने नव नियुक्त एवं पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नई तैनातियों और पदोन्नति से नागरिक सुरक्षा संगठन की कार्यक्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आपदा प्रबंधन एवं जनसेवा के कार्यों को और मजबूती मिलेगी।

## नैनी के काजीपुर में 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने पांच लोगों पर जहर देकर हत्या का लगाया आरोप

**प्रयागराज, नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ले में एक 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने पांच लोगों पर युवक को जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि युवक को साजिश के तहत जहर खिलाया गया, जिससे उसकी मौत हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मामले में परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत और शोक का माहौल है।

## यूजीसी नेट में जेआरएफ हासिल कर शाश्वत मिश्रा ने रचा कीर्तिमान

### सैदाबाद के रसूलपुर गांव का बढ़ाया मान, युवाओं के लिए बने प्रेरणा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज, सैदाबाद।** मेहनत आत्मविश्वास के बल पर सैदाबाद क्षेत्र स्थित रसूलपुर गांव के शाश्वत मिश्रा पुत्र रमेश चंद्र मिश्रा के बेटे ने यूजीसी नेट परीक्षा में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समाजशास्त्र विषय में 77.29 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर उन्होंने बड़ी सफलता दर्ज की है। उनकी उपलब्धि की खबर फैलते ही क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। साधारण मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले शाश्वत मिश्रा ने सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। उन्होंने स्वाध्याय को ही अपना सबसे बड़ा सहारा बनाया। इंटरनेट, मानक पुस्तकों और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के माध्यम से तैयारी करते हुए प्रतिदिन 5 से 6 घंटे नियमित अध्ययन किया। विषय की बुनियादी अवधारणाओं पर मजबूत पकड़ उनकी सफलता की सबसे बड़ी वजह बनी। जेआरएफ प्राप्त होने के साथ ही अब शाश्वत को देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पीएचडी करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से शोध कार्य के लिए फेलोशिप भी प्रदान की जाएगी। शाश्वत समाजशास्त्र के क्षेत्र में जाति, सामाजिक असमानता, शिक्षा, राजनीति और जेंडर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध कर समाज को सकारात्मक दिशा देने की इच्छा रखते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पिता रमेश चंद्र मिश्रा और माता शशि मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए बेटे की मेहनत को सफलता की कुंजी बताया। क्षेत्र के शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने भी शाश्वत को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि उनकी सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए मिसाल है और यह साबित करती है कि लगन और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## बाइक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात, बलीपुर-नागनाथपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। इस दुर्घटना में चाका गांव के निवासी विनोद कुमार पटेल (28) की मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरी बाइक पर सवार जलालपुर नागनाथपुर निवासी प्रशांत कुमार और हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, मृतक विनोद अपनी बहन उजाला पटेल और भतीजी मुस्कान के साथ फूलपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चिराउदा में अपनी मौसी के घर पर एक शादी समारोह से लौट रहा था।

इसी बीच, घायल युवक प्रशांत और हिमांशु पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद घर जा रहे थे। खबरों के मुताबिक, सर्विस रोड पर रेत बिछी होने के कारण दोनों बाइकें नियंत्रण से बाहर हो गईं और आमने-सामने टकरा गईं।हादसे की सूचना मिलते ही उतराव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विनोद घर पर रहकर किसानी का काम करता था। उसकी शादी लगभग डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। वह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके माता-पिता, रजवंती देवी और कमला शंकर व परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सीएचसी अधीक्षक अजीत सिंह का मनाया जन्मदिन

### अस्पताल परिसर में सहकर्मियों और गणमान्य नागरिकों ने दी शुभकामनाएं



**मांडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह का जन्मदिन शनिवार को अस्पताल परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनके जन्मदिवस पर सभी ने उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। सहकर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। अस्पताल परिसर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उपस्थित लोगों ने डॉ. अजीत सिंह की कर्तव्यनिष्ठा, सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। उनके नेतृत्व में सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। जन्मदिवस समारोह के दौरान सहयोगियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन संस्थान के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर कई वरिष्ठ चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज के भवन स्वामियों को नगर निगम ने दी बड़ी राहत, अब किस्तों में भी जमा कर सकेंगे गृहकर

**प्रयागराज।** गृहकर जमा करने के लिए अगर आपके पास पर्याप्त बजट नहीं है तो अब आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। जन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की ओर से किस्तों में भी गृहकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आइए जानें क्या और कैसे सुविधा का आप लाभ ले सकेंगे।

एक से दो वर्ष के बीच जो गृहकर नहीं जमा किया है, उनको अगले वर्ष तक किस्त के अनुसार गृहकर जमा करने की सुविधा मिलेगी और तीन वर्ष या उससे अधिक समय से जो लोग गृहकर नहीं जमा किए हैं उनको दो माह में निर्धारित किस्त के अनुसार गृहकर जमा करना होगा। निगम की ओर से निर्धारित किस्त समय से न जमा करने पर भवन स्वामी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डिमांड नोटिस जारी होने के बाद गृहकर न जमा करने पर छह भवनों को सील किया जा चुका है। 150 करोड़ गृहकर वसूली का लक्ष्य, 90 करोड़ वसूला जा चुका है।

नगर निगम की ओर से तीन वर्ष से अधिक समय तक गृहकर न जमा करने वाले 59 हजार भवन स्वामियों को डिमांड नोटिस भेजा गया है। इन भवन स्वामियों पर लगभग 20 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। नगर निगम के पुराने 80 वार्डों में 2.36 लाख भवन संपत्तियां है। इसमें से अब तक 1.59 लाख भवन स्वामियों ने गृहकर जमा कर दिया है। 90 करोड़ रुपये गृहकर की वसूली अब तक निगम की ओर से की जा चुकी है।

नगर निगम की ओर से गृहकर न जमा करने वाले 59 हजार भवन स्वामियों को निगम की ओर से डिमांड नोटिस जारी किया गय है। इसमें से चार हजार भवन स्वामियों से सात करोड़ रुपये गृहकर की वसूली की जा चुकी है। मुख्यकर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि 150 करोड़ रुपये गृहकर वसूली का लक्ष्य चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित है। दो माह के भीतर लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास होगा।

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्र का कहना है कि चालू वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक लोग गृहकर जमा करें इसकी योजना बनाई गई है। भवन स्वामी किस्त के माध्यम से गृहकर जमा करें यह सुविधा भी दी जा रही है। तीन वर्ष से अधिक समय से जो लोग गृहकर नहीं जमा किए है उनको 31 मार्च तक किस्त के माध्यम से गृहकर जमा करने की सुविधा दी जाएगी। जो लोग पिछले दो वर्ष से गृहकर नहीं जमा किए हैं उनको एक वर्ष तक के लिए चार से पांच किस्त में गृहकर जमा करने की सुविधा मिलेगी।

## महाराष्ट्र डिप्टी सीएम एकनाथ सिंधे के जन्मदिन पर ओनौर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में समर्थ नारी सशक्त मेजा के तहत आयोजित शिविर में यूनाइटेड मेडिसिटी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों का हुआ परीक्षण दिए गए आवश्यक परामर्श

अखंड भारत संदेश




निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों की जांच के बाद परामर्श देते चिकित्सक

**मेजा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना के प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिवसेना उत्तर प्रदेश द्वारा समर्थ नारी सशक्त मेजा अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विकास खंड उरुवा के ग्राम पंचायत ओनौर स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ।

उल्लेखनीय है कि शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों एवं ग्रामीण नागरिकों का

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान यूनाइटेड मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श एवं प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। चिकित्सकीय सहयोग में डॉ.चितवन सिंह, डॉ एपी सिंह परिहार, डॉ. स्वाती, डॉ. शोभित एवं अरुण कुमार द्विवेदी ने अपनी सेवाएं प्रदान किया। गौरतलब है कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ निःशुल्क उठाया। निःशुल्क शिविर के दौरान प्रदेश सचिव

रुचि अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम एकनाथ शिंदे की सेवा प्रधान एवं जन कल्याणकारी विचारधारा से प्रेरित होकर आयोजित किया गया है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर व्यक्त विचारों से प्रेरणा लेते हुए इस अभियान को जमीनी स्तर पर लागू किया गया। यह अभियान शिवसेना उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के मार्गदर्शन में निरंतर चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर शिवसेना यमुनापार के जिला प्रमुख शिव उपाध्याय सहित विकाश तिवारी, सोनू सेठ विक्की, रोहित शुक्ला, राहुल पांडे, विकास तिवारी (विक्की),अमन तिवारी, रोहित पांडे, रामजी सिंह, विनय तिवारी शिवाकांत दुबे, सबल तिवारी, रतीश विद्यार्थी, मनीष शुक्ला, राज यादव, राधे बिंद कोटेदार, पिंटू यादव, गुलाम सरवर, धर्मेंद्र प्रजापति, अरविंद सोनकर, सूरज सोनकर एवं अमलदार सिंह आदि के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## शिक्षा के साथ साथ स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करना है बेहद अहम : उज्जवल रमण सिंह

### स्कूल निदेशका बबिता गुप्ता चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता तथा प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का किया उत्साहवर्धन,बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना

### मेजा के बगहा सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन




पांच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागी छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाते सांसद उज्जवल रमण सिंह

**मेजा।** मेजा क्षेत्र के बगहा सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में संचालित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह ने खेल में विजेता एवं उपविजेता बच्चो को ट्रॉफी,शील्ड,मेडल देकर सम्मानित करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया। इस दौरान बच्चो ने आयोजित प्रतियोगिता में वालीबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, दौड़, खो- खो, कबड्डी आदि की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जो बेहद सराहनीय रहा।समापन के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि एवं सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने प्रतिभागी बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का आयोजन बेहद अहम है क्योंकि खेलकूद प्रतियोगिता से ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसी क्रम में स्कूल की निदेशक श्रीमती बबीता गुप्ता ने सभी बच्चो को खेल और शिक्षा दोनों में बढ़ चढ़कर रुचि रखने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता और प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने भी बच्चो का उत्साह वर्धन किया और प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय, शिक्षक विपिन शुक्ला, नवदीप यादव,कमलेश शर्मा, प्रभांशु दुबे,रिशु शर्मा,नेहा गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव,सविता शुक्ला,इति सिंह,लवलेश यादव, मोहन मिश्रा,विपुल यादव,गौरव पांडेय,अविनाश, दिव्यांशु गुप्ता, आकाश गुप्ता,भोला नाथ सोनकर तथा जमुना यादव आदि के अलावा कई अन्य संभ्रांत लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र पांडेय के निधन पर शोकसभा आयोजित दी गई श्रद्धांजलि

### दिवंगत कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र पांडेय का संपूर्ण जीवन सामाजिक सरोकारों के प्रति रहा समर्पित - रुचि अभिषेक तिवारी

**मेजा।** प्रयागराज मंडल विकास निगम के पूर्व चेयरमैन एवं मेजा तहसील क्षेत्र के शैबसा गांव निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र पाण्डेय का शनिवार को प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। श्री पांडेय के निधन पर समाजसेवी एवं शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्म की शांति के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोकसभा को संबोधित करते हुए रुचि अभिषेक तिवारी ने रमेश चंद्र पाण्डेय को स्वच्छ छवि, सिद्धांतों पर अडिग रहने वाला तथा जन सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। उन्होंने ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के उच्च मूल्यों को समर्पित रहा है, जिसकी कमी वर्तमान राजनीति में स्पष्ट रूप से महसूस की जा जाएगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही ईश्वर से कामना की गई कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं साहस प्रदान करें। इस मौके पर शिवसेना यमुनापार के जिला प्रमुख शिव उपाध्याय, शासकीय अधिवक्ता अभिषेक तिवारी (टिंकू),विकाश तिवारी, सोनू सेठ विक्की, रोहित शुक्ला, राहुल पांडे, विकास तिवारी (विक्की),अमन तिवारी, रोहित पांडे,रामजी सिंह, विनय तिवारी, शिवाकांत दुबे, सबल तिवारी, रतीश विद्यार्थी, मनीष शुक्ला, राज यादव, राधे बिंद कोटेदार, पिंटू यादव, गुलाम सरवर, धर्मेंद्र प्रजापति, अरविंद सोनकर, सूरज सोनकर एवं अमलदार सिंह आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में भीम सेना ने स्थानीय मेजा प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी

### कहा - यह विल सामाजिक न्याय की मूल भावना के विपरीत है इस बिल से आरक्षण व्यवस्था कमजोर होगी

अखंड भारत संदेश




मेजा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपते भीम सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता

**मेजा।** उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए यूजीसी बिल 2026 के खिलाफ भीम सेना ने आवाज बुलंद करते हुए शनिवार को संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने लामबंद होकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन स्थानीय मेजा प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में भीम सेना ने आरोप लगाया कि यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समावेशन हेतु) विनियम, 2026 के तहत आईआईटी, आईआईएम, एम्स सहित केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के छात्रों के अधिकारों को नुकसान पहुंचेगा। संगठन का कहना है कि यह बिल सामाजिक न्याय की मूल भावना के विपरीत है और इससे वर्षों से चली आ रही आरक्षण व्यवस्था कमजोर हो सकती है। भीम सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि संविधान ने सभी वर्गों को समान अवसर देने का अधिकार प्रदान किया है, लेकिन यूजीसी बिल 2026 में किए गए बदलाव उस संवैधानिक भावना के खिलाफ हैं। संगठन ने मांग की कि इस बिल को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए अथवा इसमें संशोधन कर आरक्षण और सामाजिक न्याय से जुड़े प्रावधानों को स्पष्ट व मजबूत किया जाए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने शांति पूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और प्रशासन से मांग किया कि उनकी आवाज को केंद्र सरकार तक गंभीरता से पहुंचाएं। इस मौके पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी रोहित कुमार गौतम जिलाध्यक्ष प्रयागराज अमरजीत गौतम, भीम राव गौतम, मनीषा बौद्ध, शैलेश बागी,अभिषेक कुमार गौतम, राजेश कुमार,और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान भीम सेना ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो भविष्य में व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने छात्रों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों से भी इस मुद्दे पर एकजुट होने की अपील की है।

# पिस्टल सटाकर सर्राफा व्यापारी से लाखो की लूट

## नकाबपोश बदमाश तीन किलो चांदी और नौ लाख रुपए लूटकर हुए फरार

**देल्हूपुर थानाक्षेत्र के गजेहड़ा जंगल के समीप बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर शुक्रवार की रात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी से तीन किलो चादी व नकदी के लूट की घटना को अंजाम दिया। व्यापारी को पिस्टल सटाकर नकाबपोश बदमाश गाड़ी में मौजूद बैग लेकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे एसपी दीपक भूकर ने पीड़ित से पूछताछ की। देर रात पुलिस प्रशासन बदमाशों की तलाश करता रहा।

अमेठी जिले के ज्ञानपुर निवासी रितेश मौर्य की रामगंज बाजार में सर्राफ की दुकान है। रितेश शुक्रवार को अपने दोस्त विकास सोनी के साथ कार से प्रयागराज जेवरात खरीदने गए थे। खरीदारी कर वह देर शाम घर के लिए निकले। इसी दौरान प्रतापगढ़ में प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर देल्हूपुर थाना क्षेत्र में गजेहड़ा जंगल के पास एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनकी कार को ओवरटेक किया।



बदमाशों ने आगे जाकर बीच रोड पर बाइक लगाकर कार को रोक लिया। इसके बाद बदमाश कार के पास आए और रास्ता पूछने के बहाने शीशा खुलवाया। शीशा खुलते ही बदमाशों ने रितेश मौर्या के छाती से पिस्टल सटा दी और कार में रखा जेवर-नगद से भरा हुआ बैग लूट लिया। रितेश और विकास ने विरोध करने की कोशिश की तो बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश बैग लेकर भाग निकले। रितेश ने बताया था कि दो बदमाशों ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि तीसरे ने मुंह पर गमछा बांधा हुआ था। रितेश मौर्या ने इनकम टैक्स के डर से पुलिस को लगभग 40 मिनट तक कोई सूचना ही नहीं दी। इसी दौरान लगभग 9.15 बजे वहां से गुजर रही हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने रितेश को सड़क पर बदहवास खड़े देखा। पास जाकर पूछताछ की तो रितेश ने लूट की पूरी कहानी बताई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राधेबाबू घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ ही देर में रानीगंज क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेंद्र लाल सीओ सिटी प्रशांतराज हुड्डा समेत कई थानों की फोर्स और एसओजी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार की जांच की तो अगली सीट के नीचे 4 किलो चांदी छिपी हुई मिली। पीड़ित से पूछताछ के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। सूचना पर एसपी दीपक भूकर ने जायजा लिया। इसके उपरांत पीड़ित व्यापारी से पूछताछ करते रहे। एएसपी शैलेंद्र लाल ने बताया कि व्यापारी की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने हाईवे और संपर्क मार्गों पर चेकिंग तेज कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस देर रात तक मौके पर जांच-पड़ताल करती रही लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका।

## पुरानी रंजिश में मारपीट व धमकी देने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कुंडा।** महेशगंज थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित लवकुश कुमार पुत्र माता फेर निवासी ऐमापुर विध्यन राजापुर ने आरोप लगाया है कि घटना की सूचना देने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे विवश होकर उसे उच्च अधिकारियों व न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। पीड़ित के अनुसार 22 जून 2025 को सुबह गांव के ही बसन्तलाल पुत्र श्रीराम, श्रीराम पुत्र स्व. भुल्लू प्रजापति, शिवप्रकाश पुत्र श्रीराम, राधिका पत्नी श्रीराम व शालू पुत्र बसन्तलाल एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और मां-बहन की गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपी को जान से मारने के लिए दौड़े, जिससे पीड़ित जान बचाने के लिए घर के अंदर भाग गया। आरोप है कि सभी आरोपी घर के अंदर घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिससे उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने बताया कि उसने उसी दिन थाना महेशगंज में घटना की सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित न्यायालय के शरण में गया। जहां पर न्यायालय ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

## युवक की लाठी-डंडो से पिटाई, घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बंशीधर गांव में शुक्रवार की देर शाम एक युवक को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जनपद के पूरे बंशीधर गांव निवासी आदर्श पांडे (28) पुत्र किशोर शुक्रवार की शाम घर से कुछ दूरी पर गोबर फेंकने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही दो युवक लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और आदर्श पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने युवक को बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को परिजनों द्वारा कोतवाली लाया गया, जहां उसने पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने घायल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# न्यूज झरोखा

## यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता पर जतायी गयी खुशी





**लालगंज।** यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी साझा की है। नगर पंचायत क्षेत्र के सांगीपुर वार्ड निवासी विकास दुबे पुत्र प्रभाकर दुबे ने लोक प्रशासन विषय से यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की। मेधावी की सफलता से परिवार व शुभेच्छु गदगद हैं। हेमवती नंदन बहुगुणा के पूर्व प्राचार्य डॉ0 डीपी ओझा, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, डॉ0 श्याम बिहारी शुक्ल आदि ने शुभकामनाएं जताते हुए खुशी साझा की है। वहीं विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत सिंधौर गांव की सुनैना विश्वकर्मा पुत्री संजय विश्वकर्मा ने इतिहास विषय से निन्यान्वे फीसदी अंक हासिल कर यूजीसी नेट में सफलता प्राप्त की है। मेधावी सुनैना की सफलता पर सत्यम विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, मां नीलम, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, दयाशंकर गिरि, डॉ0 सच्चिदानंद त्रिपाठी, हरिवंश शुक्ल, वीरेन्द्र पाण्डेय, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा आदि ने खुशी साझा की है।

## धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**प्रतापगढ़।** ज्ञानोदय विद्या मंदिर जगदीशपुर बीरापुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी पंकज मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि एमडी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र मिश्र रहे। कार्यक्रम के समाध्यक्ष स्वामी करपात्री जी महराज राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ विजय मिश्र तथा कार्यक्रम के संरक्षक समाजसेवी सुनील दुबे रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया तथा खूब तालिया बटोरी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा नव निर्मित सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन भी किया गया। मुख्य अतिथि पंकज मिश्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य है इनको संस्कार के साथ अच्छी शिक्षा दीक्षा मिलनी चाहिये जो इस क्षेत्र में ज्ञानोदय विद्या मंदिर द्वारा दिया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय को जिस मदद की आवश्यकता हो मै उस सहयोग को करने के लिये सदैव तत्पर रहूगा। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि हम सभी अभिभावकों को मिलकर विद्यालय का सहयोग करना चाहिये जिससे बच्चे शिक्षित होकर अपने माता पिता के साथ विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस मौके पर डॉ संदीप यादव, मुन्ना पांडेय रमेश मिश्र ननकऊ मिश्र रवि जायसवाल सूरज त्रिपाठी अविनाश मिश्र समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग व अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिशंकर तिवारी ने आये हुये सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 12 फरवरी को पट्टी पहुंचेंगे अविमुक्तेश्वरानंद महाराज

**पट्टी।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के पट्टी आगमन की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब जगद्गुरु शंकराचार्य 12 फरवरी को पट्टी तहसील क्षेत्र के भानेपुर तिवारीपुर, भरोखन में आयोजित गाना मिश्र परिवार की श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता करेंगे। शंकराचार्य पद पर आसीन होने के बाद यह जगद्गुरु शंकराचार्य का पट्टी में पहला आगमन होगा, जिसे लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा आयोजन को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जगद्गुरु शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बाइक पलटने से युवक घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार (34) पुत्र रामबरन शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार अमसौना गांव में एक निमंत्रण में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह अमसौना नहर पुलिया के पास पहुंचे, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर थी, इसी कारण उसे उच्च चिकित्सा के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ नौ फरवरी से

**प्रतापगढ़।** नगर में नौ फरवरी से होने वाले तीन दिवसीय मानस सम्मेलन को लेकर शनिवार को तैयारियों पर मंथन हुआ। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के परिसर में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन श्रीधाम वृंदावन से कथावाचक राहुल कृष्ण जी महराज तथा प्रयागराज के देवव्रत जी महराज एवं श्रीधाम अयोध्या के विनीत जी महराज कथा सुनायेंगे। सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में हो रहे मानस सम्मेलन को लेकर विद्यालय परिसर में आयोजन समिति की बैठक में इसकी भव्यता पर आयोजकों ने मंथन किया। संयोजक साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी ने जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का आहवान किया है।

## बाइक की टक्कर से श्रमिक की मौत, साथी घायल

**प्रतापगढ़।** बाइक से घर लौट रहे श्रमिक की रास्ते में गोवंश की टक्कर से मौत हो गयी। वहीं उसका साथी घायल हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लीलापुर थाना क्षेत्र के मनोहरी का पुरवा सगरा सुंदरपुर गांव निवासी उन्नीस वर्षीय शिवम वर्मा पुत्र गयादीन वर्मा शुक्रवार की रात करीब एक बजे बाइक से अपने साथी बीस वर्षीय अभिषेक कोरी पुत्र अनिल कोरी के साथ मनियारपुर से घर लौट रहा था। रास्ते में गंगापुत्री घाट के समीप बाइक की गोवंश से जोरदार टक्कर हो गयी। जानकारी होने पर घायलो को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया गया। यहां चिकित्सकों ने शिवम वर्मा को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# 120 शिकायतों में पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** शनिवार को पट्टी तहसील परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी पट्टी पूणेंद्र मिश्रा ने की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के दूर-दराज से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। आयोजन के दौरान कुल 120 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से राजस्व विभाग से संबंधित 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 115 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 53 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा पुलिस विभाग से 21, विकास विभाग से 16, समाज कल्याण विभाग से 2, शिक्षा विभाग से 2 तथा अन्य विभागों से 26 शिकायतें दर्ज की गईं। कई मामलों में भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, पुलिस कार्रवाई में देरी, विकास कार्यों में अनियमितता सहित विभिन्न जनसमस्याएं सामने आईं। एसडीएम पट्टी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष जांच करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, तहसीलदार पवन सिंह सहित राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व समस्त व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करायें : डीएम

**जिलाधिकारी ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत की बैठक**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा घुइसरनाथधाम, बाबा बेलखरनाथ धाम, भयहरणनाथ धाम, हौदेश्वरनाथ धाम तथा अन्य महत्वपूर्ण शिवालयों पर जलाभिषेक करते है। इन सभी स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था, सफाई तथा पेयजल के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय में महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौपे।

बैठक में उपस्थित राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बताया कि बाबा घुइसरनाथधाम में 31वॉ राष्ट्रीय एकता महोत्सव 14 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक मनाया जायेगा जिसमें आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था, महिला पुलिस की तैनाती, घाट पर वैरीकैडिंग, फायर बिग्रेड, नदी के किनारे नाव, गोताखोर, लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया कि सीएचसी घुइसरनाथधाम में डाक्टार व फार्मासिस्ट सहित सभी कर्मचारियों की व्यवस्था वहां पर सुनिश्चित की जाये, इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र में अस्थायी चिकित्सा केन्द्र, एम्बुलेन्स आदि की व्यवस्था हेतु निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति निरन्तर बनी रहे, इसमें अनावश्यक रूप से कटौती न की जाये तथा अस्थायी ट्राली ट्रान्सफार्मर की भी व्यवस्था की जाये। राष्ट्रीय एकता महोत्सव व अन्य शिवालयों पर आयोजित होने वाले महोत्सव में शासन की योजनाओं से सम्बन्धित विभागों की प्रदर्शनी लगायी जाये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा घुइसरनाथधाम, बेलखरनाथ धाम, हौदेश्वरनाथ धाम, भयहरणनाथ धाम तथा अन्य महत्वपूर्ण शिवालयों पर जो व्यवस्थायें करते आ रहे है वैसे ही आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर पूर्व से ही अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करा लें, जिनकों जो दायित्व एवं कार्य सौपे गये गये है उसका पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें और महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न करायें। मेला क्षेत्र में दुकाने निर्धारित स्थलों पर लगायी जाये जिससे आवागमन बाधित न हो। मेले में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे जिससे किसी भी प्रकार की घटना न घटित हो। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिवालयों पर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिये पुरूष और महिला की अलग अलग लाइन की वैरीकेडिंग कराना सुनिश्चित करें साथ ही मन्दिर में प्रवेश व निकास द्वार की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये जिससे मन्दिर परिसर में भीड़ इकट्ठा न होने पाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति सहित समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 110 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 25, विकास विभाग से 7, विद्युत विभाग 03 एवं 26 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शिवकुमार निवासी लोहंगपट्टी ने शिकायत किया कि प्रार्थी के गाटा में ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी लगाकर प्रार्थी के खेत की मिट्टी बिना अनुमति से निकालकर प्रार्थी के खेत को गड्ढा बना दिया है, मिट्टी को बराबर भी नहीं किया गया है, प्रार्थी के विरोध करने पर तरह तरहकी धमकियां देते है, गहरा गड्ढा हो जाने से प्रार्थी अपने खेत की जुताई-बुवाई नहीं कर सकता है, इस प्रकरण पर डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी सण्ड़वा चन्द्रिका को निर्देशित किया कि जांच कर शिकायत का समाधान करायें। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्डधारकों को 08 से 26 फरवरी तक मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि माह फरवरी 2026 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अवधि 08 फरवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेहूं एवं 03 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किलोग्राम) खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशीन के माध्यम से जनपद की समस्त उचित दर दुकानों पर किया जाएगा। वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसे विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण में असफल होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 26 फरवरी 2026 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। खाद्यान्न वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक अथवा विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 एवं 1967 पर दर्ज कराई जा सकती है।

## वांछित धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज।** दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वांछित नरेन्द्र यादव पुत्र स्व0 राजेन्द्र यादव निवासी कुसौली को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# समाधान दिवस पर आयीं एक सौ दस शिकायतें, नौ का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** समाधान दिवस पर शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई हुई। समाधान दिवस में कुल एक सौ दस शिकायतें आयीं। जिनमें से अफसरों ने मौके पर नौ शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुडी पैंसठ रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मातहतों से पारदर्शिता से समस्याओं के निस्तारण के कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में तहसीलदार गरिमा वर्मा, उप निरीक्षक ज्ञानचंद्र तिवारी, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, आदि मौजूद रहे। वहीं समाधान दिवस पर गहमागहमी के बीच अधिवक्ताओं ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को विभिन्न शिकायतों का निस्तारण न होने को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा तहसील में समय न देने के साथ ही कार्यो में लापरवाही व अनियमितता बरती जा रही है। वहीं ज्ञापन के जरिए गलत तरीके से जमीन के अंश निर्धारण, अवैध कब्जे का निस्तारण न होने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के समय से निस्तारण न होने आदि का आरोप लगाया। समस्याओं का निस्तारण न होने पर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी भी दी। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, शिवेन्द्र तिवारी, राजेश द्विवेदी, आशीष तिवारी, तपन पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एसआईआर प्रक्रिया में आयोग की जल्दबाजी से कट रहे हैं वैध मतदाताओं के नाम : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने एसआईआर प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की गलतियों पर शनिवार को यहां तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होने कहा कि एसआईआर को जल्दबाजी में पूरा कराने की आयोग की जिद के चलते वह लगातार गलतियां पर गलतियां कर रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा यह सुझाव दिया था कि एसआईआर की प्रक्रिया इतने कम समय में पूरी कराना सम्भव नही है। उन्होने कहा कि तमाम मतदाताओं का नाम सूची से न कट सके इसके लिए इस प्रक्रिया को कम से कम चार से पांच साल तक जारी रखना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि अहंकार में डूबी भाजपा के इशारे



पर आयोग इतने कम समय में निर्वाचन आयोग ने यह प्रक्रिया पूरी कराने पर अमादा रहा। शनिवार को लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में उन्होने कहा कि अब स्वयं आयोग को कई चरणों में यह प्रक्रिया आगे बढ़ानी पड़ रही है। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग ने विपक्ष की मांग और सच्चाई पर ध्यान दिया होता तो बार बार जल्दबाजी में उसे यह निर्णय नहीं लेना पड़ता। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहले निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया जल्दबाजी में पूरी करने की जिद के कारण उत्तर प्रदेश में दो करोड़ नब्बे लाख चिन्हित मतदाताओं की संख्या में कमी आयी। उन्होने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं की संख्या कम होना दुनिया के कई देशों की जनसंख्या के बराबर है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार को जब अपनी यह भूल समझ में आयी तब प्रिटिंग फार्म के माध्यम से पोलिंग बूथ पर बहुत से अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, पिछड़े तबके, प्रवासी मजदूर और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब मजदूरों के नाम काटने के लिए फार्म बांटे गये। उन्होने कहा कि होली या ईद में जो मजदूर साल में एक बार घर आते हैं उनके नाम काटने के लिए फार्म बंटे। उन्होने कहा कि जागरूक जनता और कुछ ईमानदार अधिकारियों ने गरीब मजदूरों के नाम काटने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रदेश के लोगों खासकर गृह जनपद प्रतापगढ़ के नागरिकों से लोकतंत्र को बचाने में अपना योगदान जारी रखने पर भी जोर दिया है। उन्होने कहा कि सभी मतदाताओं को अपने अधिकारों की रक्षा करते हुए हर हाल में मतदाता सूची में वैध मतदाता के नाम शामिल कराने चाहिए। उन्होने कहा कि वैध मतदाताओं का नाम कटने पर ऐसे लोगों को मुफ्त राशन व चिकित्सा तथा शिक्षा जैसे अधिकारों से वंचित किया जा सकता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने नोएडा में साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की खुले गडढे में गिरकर दर्दनाक मौत को व्यवस्था की बदहाली करार दिया। यहां उन्होने महाशिवरात्रि पर होने वाले परम्परागत तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों का भी अवलोकन किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरब देउम में कर्नल राधेश्याम मिश्र के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। देउम में अधिवक्ता विनय शुक्ल की पत्नी तथा मिश्राइनपुर में पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय की मां के भी निधन पर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रामबोध शुक्ला, छोटे लाल सरोज, शेरू खां, इं0 सुनील पाण्डेय, त्रिभु तिवारी, रामू मिश्र, पवन सिंह, मुरलीधर तिवारी, टिल्लू सिंह, आदि रहे।

# महिला के सीने में राइफल से गोली मारकर हत्या

अखंड भारत संदेश

**आत्महत्या का रूप दिए जाने का शुरू हुआ भरसक प्रयास**

**जानकारों का कहना है कि राइफल से सीने में लगाकर खुद को गोली मारना असंभव है**






**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा में बीती रात घर के अंदर एक महिला के सीने में राइफल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई है महिला की मौत के बाद उसको अस्पताल लेकर परिवार के लोग पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया है महिला की मौत के बाद मनगढ़ंत कहानी बताकर महिला को मानसिक बीमार और आत्महत्या किए जाने की कहानी उसके परिवार के लोगों द्वारा पुलिस को बताई गई है गोली चलने की आवाज सुनकर नगर के लोग मौके पर पहुंचे हैं घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर थाना पुलिस सहित पुलिस आला अधिकारी भी पहुंचे हैं और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिवार के लोगों द्वारा जिस तरह से बताया जा रहा है कि राइफल से महिला ने अपने सीने में गोली मार लिया है और आत्महत्या कर लिया है वह संभव नहीं है राइफल से खुद सीने में आत्महत्या करना असंभव प्रतीत होता है जिससे महिला की हत्या का यह मामला बड़ा गंभीर है और बिंदुवार पूरी जांच कर कर दोषी को बेनकाब करने की जरूरत है जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पंचम्भा गांव निवासी करन सिंह पटेल अपनी पत्नी को लेकर बीते कई वर्षों से पूरब शरीरा में रहते है आधी रात को पूरब शरीरा के घर से गोली की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे गांव के लोग जब मौके पर पहुंचे तो करन सिंह पटेल ने बताया कि उनकी पत्नी ने राइफल से सीने में गोली मार ली है जिससे उसकी मौत हो गई है खून से लथपथ महिला को परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया है महिला के पति का कहना है कि महिला मानसिक बीमारी से ग्रसित थी जिससे उसने राइफल से सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया लेकिन पूरब शरीरा से लेकर पचंभा गांव तक के लोगों ने महिला के गंभीर बीमारी मानसिक बीमारी से ग्रसित होने से इनकार किया है आधी रात को महिला की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर नगर के सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई आत्महत्या के इस घटना में अधिकतर व्यक्ति ने संदेह व्यक्त किया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है महिला की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ थाना अध्यक्ष पहुंचे हैं महिला की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है और महिला के शव को कब्जे में लेकर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है की घटना के पीछे के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और हर बिंदु पर जांच करने के बाद घटना की सच्चाई सामने आएगी वहीं जानकारों का कहना है कि राइफल से सीने में लगाकर खुद को गोली मारना असंभव है।

## असली के नाम पर बिक रहा है नकली मोबिल ऑयल दुकानदार बन रहे करोड़पति

**पहले भी आयल विभाग ने छापामारी कर भारी मात्रा में पकड़ा था नकली मोबिल ऑयल**

**नेवादा कौशाम्बी।** जिले में अधिकारियों की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार चरम पर है भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों में पैसा कमाने की होड़ लगी हुई है बाजारों क़स्बों में दुकानदार नकली सामान को असली सामान के नाम पर जनता को देकर एक तरफ जनता को ठग रहे हैं वहीं दूसरी ओर दुकानदार मालामाल हो रहे हैं घटिया क्वालिटी के मोबिल आयल बेचे जाने से वाहनों के इंजन खराब हो रहे हैं और ग्राहक परेशान हो रहे हैं लेकिन उनकी कहीं सुनवाई होती नहीं दिख रही है। चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ बाजार में पेट्रोल टंकी के आसपास व अन्य ठिकानों पर मोटर साइकिल गैरैज संचालक व अन्य दुकानदारों द्वारा असली के नाम पर नकली मोबिल ऑयल धड़ल्ले से बेचा जाता है जहां एक तरफ नकली ऑयल से जनता ठगी का शिकार हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ दुकानदार नकली मोबिल ऑयल बेचकर कुछ ही वर्षों में करोड़पति बन रहे हैं इसके पहले भी विभागीय अधिकारियों ने छापामारी कर भारी मात्रा मे नकली मोबिल ऑयल पकड़ा था जिसमें दो दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन मुकदमा दर्ज करने के बाद भी इन दुकानदारों ने नकली मोबिल आयल की बिक्री नहीं बंद की है अब सवाल उठता है कि क्या ऑयल विभाग असली के नाम पर नकली मोबिल ऑयल बेचने वाले फजीवाड़ा करने वाले दुकानदारों पर छापामारी कर नकली मोबिल ऑयल जप्त कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजेंगे या फिर गैरेज संचालक एवं दुकानदार अपनी मनमानी करते हुए जनता को गुमराह कर नकली मोबिल ऑयल बेचकर करोड़पति बनते रहेंगे।

## नाबालिग बालक से कुकर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र में 12 वषीय नाबालिग बालक के साथ कुकर्म करने के आरोप में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 05 फरवरी 2026 को संदीपनघाट थाना क्षेत्र के राहुल नामक युवक ने 12 वषीय नाबालिग बालक को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ जबरिया कुकर्म किया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसी क्रम में शनिवार 07 फरवरी 2026 को संदीपनघाट पुलिस ने मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र हरिश्चंद्र निवासी मलाक मोहिउद्दीनपुर, थाना संदीपनघाट को तेरहमील तिराहा से सैय्यद सरावां जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

## बोर्ड परीक्षा के समय सुबह सुनिश्चित की जाए विद्युत सप्लाई : चंद्रभूषण वर्मा

अखंड भारत संदेश

**किशनपुर पंप कैनाल नहर में पानी न आने से किसानों की फसले सिंचाई बिना बर्बाद हो रही है नहर में तत्काल छोड़ा जाए पानी**




**महेवा घाट कौशांबी** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट की बैठक जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अगुवाई में हुई बैठक की अध्यक्षता शिवराम सरोज ब्लॉक अध्यक्ष ने किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के समय परीक्षार्थियों को पढ़ने के लिए सुबह 6:00 बजे 7:00 बजे तक विद्युत सप्लाई सुनिश्चित की जाए और परीक्षार्थियों के परीक्षा के समय यदि विद्युत सप्लाई बाधित हुई तो भारतीय किसान यूनियन संघर्ष करने को मजबूर होगा उन्होंने कहा कि किशनपुर पंप कैनाल नहर में पानी न आने से किसानों की फसले सिंचाई के बिना बर्बाद हो रही है नहर में तत्काल पानी छोड़ा जाए जिससे किसानों के फसलों की सिंचाई की समस्या का समाधान हो सके सरकारी अस्पताल प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र सेंगराहा में रात में नर्स के मौजूद न रहने से मरीजों को इलाज नहीं मिलता है उन्होंने कहा कि नर्स की तैनाती सुनिश्चित कराई जाए इसके अलावा तमाम सड़क जल जमाव आदि की समस्या के समाधान की मांग किसान यूनियन के नेताओं ने की है समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया है इस मौके पर नरेन्द्र सिंह तहसील अध्यक्ष मंझनपुर, रविकरन सिंह नगर पंचायत पूरब पश्चिम सरीरा,बच्चा लाल सरोज सुनील सिंह हरिश्चंद्र सिंह दलजीत शिवबाबू,अमित कुमार गोलू तिवारी विजय प्रकाश यादव,रामप्रसाद करी, कमल सिंह, मनीष सिंह विनय कुमार त्रिपाठी, सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

**तीनों तहसील में 144 शिकायती पत्रों में आठ शिकायती पत्रों का ही हुआ निस्तारण**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 92 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील मंझनपुर में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

### चौथी शादी की धमकी देता है नशेड़ी शौहर

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली की टांडा गांव की तस्लीमुन निशा ने अझुवा चौकी पुलिस को नशेड़ी शौहर पर प्रताड़ित कर मारपीट का आरोप लगाया है महिला के अनुसार उसके शौहर ने दो शादियां की थी एक बीबी की मौत के बाद पत्नी से तलाक लेने के बाद करीब 9 वर्ष पूर्व तस्लीमुन निशा से निकाह की थी निकाह के एक वर्ष बाद उसका शौहर नशे का आदी हो गया।इस दौरान उसके 4 बच्चे हो हुए उसका शौहर उसके साथ आए दिन मारपीट करता है और घर का सारा सामान बेचकर नशे में उड़ा देता है विरोध करने पर चौथी शादी करने की धमकी देता है पीड़िता की शिकायत पर चौकी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### सवा तीन घंटे तक रविवार को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**कौशाम्बी।** मंझनपुर पावर हाउस से विद्युत आपूर्ति रविवार को सवा तीन घंटे बाधित रहेगी अवर अभियंता चंद्रिका मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सुबह 6:30 बजे से 9:45 तक राम वन गमन मार्ग मे अवशेष बचे लाइन शिफ्टिंग स्थान -जिला स्टेडियम के पास का कार्य पूर्ण करने के लिए 33 केवीए मंझनपुर का शटडाउन रहेगा। इससे मंझनपुर उपकेंद्र की विद्युत सप्लाई सुबह 6:30 से 9:45 तक बाधित रहेगी।

### चायल एवं सरसवां ब्लॉक के 358523 लोगों को खिलाई जाएगी डी.ईसी.एल्बेन्डाजोल एवं आइवरमेक्टिन

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने मीडिया कार्यशाला में अवगत कराया कि जनपद के विकास खण्ड-चायल एवं सरसवां में एम.एफ. दर अधिक होने के कारण इन विकास खण्डों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एम.डी.ए./आई.डी.ए. कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में फाइलेरिया रोगियों की संख्या-लिम्फोडिमा रोगी 879 एवं हाइड्रोसील 125 रोगी लाइन लिस्ट है, जिसमें लिम्फोडिमा रोगियों को एम०एम०डी०पी० किट द्वारा उपचार किया जा रहा है तथा हाइड्रोसील रोगियों का आपरेशन द्वारा उपचार किया जा रहा है। सीएमओ ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 के मध्य चयनित ब्लॉकों के एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर समस्त नागरिकों को ट्रिपल ड्रग थेरेपी के अन्तर्गत आयु एवं लम्बाई के अनुसार डी०ई०सी०, एल्बेन्डाजोल एवं आइवरमेक्टिन औषधियों के निश्चित खुराक का सेवन ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा अपने सामने कराया जाना है। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन कराने के लिए 323 टीमों का गठन करते हुए कुल 646 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर का चयन किया गया है। आशा, आँगनवाडी एवं स्वयं सेवकों को ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में चयनित किया गया है। प्रत्येक टीम में एक पुरूष सदस्य नियुक्त किया गया है। टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 65 टीम सुपरवाइजर नियुक्त किये गये हैं। ए०एन०एम०, आशा संगिनी, एच०एस०, बी०एच०डब्ल्यू0 इत्यादि को टीम सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि चयनित ब्लॉकों की अनुमानित जनसंख्या-358523 को औषधियों के एक खुराक का सेवन कराने के लिए डी.ई.सी. (100मिग्रा)-896308 गोली, एल्बेन्डाजोल (400मिग्रा)- 358523 गोली एवं आइवरमेक्टिन (3मिग्रा)-896308 गोली की आवश्यकता होगी। औषधियां को राज्य मलेरिया मुख्यालय से मगाया जा रहा है तथा ब्लॉकों को उपलब्ध करा दी जाएगी। एम.डी.ए./आई.डी.ए. अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी गतिविधियां पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कहा कि समस्त लाभार्थियों को दवा का सेवन कराने क लिए सहयोगी संस्था पी.सी.आई., पाथ एवं सी.एफ.ए.आर. का सहयोग प्राप्त करते हुए समस्त ग्राम प्रधानों, कोटेदार, समूह सखी आदि का संवेदीकरण करते हुए सोशल मोबलाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनपद कौशाम्बी को वर्ष-2026 तक फाइलेरिया मुक्त करा लिया जाएगा।

## सरकारी कार्यालय से प्राइवेट कमियों को हटाने का सरकार के निर्देश का नहीं हो रहा पालन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकारी कार्यालय में जो प्राइवेट कमी लगाए गए थे उनको हटाए जाने का कई महीने पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने निर्देश दिया था लेकिन योगी सरकार के निर्देश के कई महीने बाद भी सरकारी कार्यालय से प्राइवेट कमियों को बाहर नहीं किया गया है बल्कि सरकारी कमियों के संरक्षण में प्राइवेट कमी सरकारी कार्यालय में मौज करते हैं पूरे दिन आम जनता से वसूली करके सरकारी कमर्चारी तक पहुंचाते हैं विकास भवन से लेकर के तहसील कार्यालय तक तमाम प्राइवेट कमी काम करते देखे जाते हैं जिन पर कार्यवाही नहीं हो रही है सिराथू तहसील परिसर में तैनात प्राइवेट कमर्चारियों द्वारा काश्तकारों से जमकर अवैध वसूली की जा रही है, जिससे आम जनता में भारी नाराजगी है।सूत्र बताते हैं कि तहसील के भीतर कई अधिकारियों के कक्षों में प्राइवेट कमर्चारियों की तैनाती कराई गई है, जो सरकारी कार्यों के नाम पर किसानों और फरियादियों से पैसे वसूल रहे हैं। बिना रकम दिए काम न होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं सूत्रों की मानें तो यह अवैध वसूली केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कुछ अधिकारियों की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है। काश्तकारों का आरोप है कि खतौनी, पैमाइश, नामांतरण और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए उनसे तय रकम से अधिक धन की मांग की जाती है। यह स्थिति विकास भवन के कई कार्यालय और जिले के अन्य तहसीलों का भी है जहां प्राइवेट कमी खुले सरकारी कार्यों को करते देखे जाते हैं और धन वसूली कर रहे हैं।

## वाहन से टकराकर सड़क पर पलटा डीजे लगा लंबा जाम

**कोखराज कौशाम्बी।** बारात में जा रहे राशिद डीजे आषाढ़ा वाले का डीजे की कोखराज थाना क्षेत्र के रामजी होटल के सामने ओवर टेक के चक्कर में चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई है जिससे मौके पर ही डीजे पलट गया डीजे के पलट जाने से उसका सामान सड़क पर बिखर गया और सड़क पर यातायात बाधित हो गया दोनों तरफ वाहनों का जाम लग गया दुर्घटना की सूचना राहगीरों ने डायल 112 व एसओ कोखराज थाना पुलिस को दिया जिस पर मौके पर पुलिस ने पहुँच कर क्रेन की मदद से पलटे डीजे को सड़क से हटाया गया तब जाकर जाम समाप्त हुआ जानकारी के मुताबिक इस दुर्घटना में किसी को कोई चोट नही आयी है हालांकि दुर्घटना में डीजे का सामान टूट गया जिससे डीजे मलिक को नुकसान हुआ है कोखराज पुलिस ने डीजे को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है।

## महीने की वसूली के रकम बढ़ाने के लिए दूध डेयरी पर फूड विभाग का पड़ता है छापा

अखंड भारत संदेश

**अवैध तरीके से संचालित दजर्नों दूध डेयरी से करोड़ों की वसूली करने वाले अफसरों के कारनामों पर खड़े हैं सवाल**

**कौशांबी।** जिले के फूड विभाग के अधिकारी दबाव बनाकर व्यापारियों से अवैध वसूली के मामले में हमेशा सुखियों में रहे है छोटे-छोटे किराना की दुकानों से लेकर मिठाई खाने पीने की दुकानों होटल ढाबों से लेकर के दूध कलेक्शन सेंटर और दूध डेयरी समेत मिलावटी खोवा पनीर बनाने वाले राजस्थानियों से वसूली में फूड विभाग के अधिकारी बीते दो दशक से बदनाम है दो दशक पूर्व शुरू हुई अवैध वसूली की प्रथा फूड विभाग में बंद नहीं हो सकी है सूत्रों की माने तो करोड़ों रुपए की अवैध वसूली फूड विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक वर्ष जिले के विभिन्न व्यापारियों से की जाती है 2 दिन पहले फिर फूड विभाग ने एक दूध डेयरी में फिर छापा मार कर अधिकारियों को नजर में वाहवाही लूटने का प्रयास किया है जबकि हकीकत यह है कि तीन दर्जन दूध डेयरी फूड विभाग के अधिकारी के रहमोकरम पर मिलावट खोरी के धंधे में शामिल है उनके यहां छापा नहीं मारा जाता उनके कार्रवाई नहीं होती है लेकिन जिन दूध डेयरी से फूड विभाग के अधिकारियों को महीने की रकम कम मिल रही हैं उनके यहां छापा मार कर कार्यवाही होती है उनके यहां सैंपल भरे जाते है आखिर यह सौतेला व्यवहार फूड विभाग के अधिकारी क्यों कर रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है। बीते 25 साल से चल रही दूध डेयरी में महीने की रकम को लेकर जब विवाद शुरू हुआ तो सैंपल भरने के कार्रवाई शुरू हुई उसके पहले कभी भी दूध डेयरी से सैंपल भरकर कार्रवाई करने का प्रयास नहीं हुआ है 25 साल पुराने दूध डेयरी में अचानक सैंपल भरने फूड विभाग के अधिकारी पहुंचे हैं जो बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि आखिर 25 वर्षों से दूध डेयरी की जांच फूड विभाग के अधिकारियों ने क्यों नहीं की थी यदि गलत तरीके से इस दूध डेयरी में दूध व्यापार हो रहा है तो 25 वर्षों के बीच अब तक दूध डेयरी संचालकों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी फूड विभाग के अधिकारियों ने क्यों नहीं की थी चर्चाओं पर जाए तो पहले 10 हजार रुपए महीने दूध डेयरी से फूड विभाग के अधिकारी लेते थे अब 20 हजार रुपए महीने की डिमांड फूड विभाग के अधिकारी दूध डेयरी से करने लगे हैं 20 हजार रुपए महीना ना मिलने पर छापा मारने की कार्यवाही कर बड़े अफसरों पर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास फूड विभाग के अधिकारियों ने किया है जो बड़ी जांच का विषय है आम जनता का कहना है कि आखिर फूड विभाग के अधिकारियों की वसूली की जांच कर वसूली के धंधे को कब बंद कराया जाएगा फूड विभाग में वसूली करने वाले अफसरों को भ्रष्टाचार में गिरफ्तार कर कब जेल भेजा जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी भीषण आग





**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 3 शांती नगर के पप्पू चौरसिया पुत्र स्व. बेच्चू चौरसिया के एक दो मंजिला मकान के एक कमरे में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई।जिससे कमरे में रखा टीवी, फ्रिज ,दो कूलर,गृहस्थी का अन्य कीमती सामान तथा नकदी रुपए पूरी तरह जलकर राख हो गया आग की सूचना पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन फानन में घरों में लगे समरसेबल, पानी टंकियों एवम अन्य संसाधनों से आग पर काबू पाया। हालांकि इस आगजनी से कोई जन हानि नहीं हुई है आग लगने की सूचना क्षेत्रीय प्रशासन को दिया गया है।

### वर्षों से बंद शौचालय पर 72000 का हो गया भुगतान




**कोखराज कौशांबी।** विकासखंड सिराथू क्षेत्र के ग्राम पंचायत राला में वर्षों से सामुदायिक शौचालय बंद है लोगों को सामुदायिक शौचालय का उपयोग करने नहीं दिया जा रहा है कभी भी इस सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई नहीं होती है हमेशा ताला बंद रहता है केयरटेकर भी शौचालय को देखने के लिए नहीं आता जाता है सामुदायिक शौचालय के बंद रहने से खुले में मलमूत्र त्याग करने के लिए गांव के लोग मजबूर हो रहे हैं जिससे सामुदायिक शौचालय निर्माण के उपयोगिता पर ही सवाल खड़े हो गए हैं लेकिन उसके बाद एक वर्ष का 72000 का भुगतान केयर टेकर के नाम पर ग्राम पंचायत ने कर दिया है जो बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है सार्वजनिक शौचालय के बंद रहने के बाद केयरटेकर को 72 हजार रुपए भुगतान दिए जाने के मामले की यदि जांच हुई तो ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की मुसीबत बढ़ जाएगी इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन कार्यालय में मौजूद न होने के चलते उनसे बात नहीं हो सकी है।

### युवा उत्सव प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के छात्र गोलू कुमार को एकल संगीत गायन में राज्य में प्राप्त हुआ द्वितीय स्थान



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अन्तर्गत आयोजित हुई युवा उत्सव प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के कक्षा 11वीं छात्र गोलू कुमार को एकल संगीत गायन में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।लखनऊ के भारतखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास पर अपने लोकगीत से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल में बैठे हुए समस्त अधिकारियों ने कौशाम्बी के इस युवा गायक की भूरि-भूरि प्रशंसा की।कौशाम्बी के इस युवा गायक की उपलब्धि पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी व जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार नीरज केसरी डॉ रामकिरण त्रिपाठी प्रधानाचार्य ने छात्र के इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रामशंकर सिंह ने आज प्रार्थना सभा मे छात्र को माला पहनाकर सम्मानित किया एवं अन्य छात्रों को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### ड्राइवर को नींद की झपकी आने से पलटी सरसों लदी पिकअप



**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के महामाया डिग्री कॉलेज के सामने सरसों लेकर जा रहा पिकअप वाहन सड़क किनारे पलट गया है मौके पर तमाम लोगों का आवागमन बना हुआ था हालांकि एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण तेज़ रफ्तार पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय वाहन में सरसों लदी हुई थी वाहन पलटने से सरसों भरे बोरे सड़क पर बिखर गए हैं घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### पुलिस लाइन्स में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी लाइन के पर्यवेक्षण में पुलिस लाइन्स कौशाम्बी परिसर में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित शिविर में पुलिसकमिर्यों एवं उनके परिजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर का उद्देश्य पुलिसकमिर्यों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

### डीएम ने की बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक

**कौशांबी** जिलाधिकरी डा. अमित पाल की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने बताया कि परिवार में पुनर्वासित 31 बच्चों तथा संस्थानों में आवासित 25 बच्चों का फॉलो-अप लिया जा रहा है। माह जनवरी, 2026 में 72 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। माह जनवरी, 2026 में देखरेख एवं संरक्षण से सम्बन्धित 22 नये प्रकरण प्राप्त हुये है। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड ने बताया कि माह जनवरी में 07 नये मामले आये है, 01 मामले का निस्तारण किया गया।जिलाधिकारी ने अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति को निर्देशित किया कि परिवार में पुनर्वासित बच्चों का आकस्मिक फॉलो-अप लिया जाय। वन स्टाप सेन्टर में आवासित महिलाओं एवं बालिकाओं की काउन्सिलिंग एवं प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए, उनका पुनर्वासन व प्रकरणों का ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने श्रम प्रर्वतन अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर बाल श्रमिकों का चिन्हांकन करते हुये नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

## सम्पादकीय

### ममता बनर्जी का आसमान में सुराख करने का इरादा

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक नया इतिहास रच दिया। ममता बनर्जी बाकायदा वकील के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय में उपस्थित हुईं और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में हो रही गड़बड़ियों के खिलाफ अपनी दलीलें पेश कीं। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री ने वकील की भूमिका भी निभाई है। सबसे खास बात यह कि ममता बनर्जी अपना या अपनी पार्टी का पक्ष रखने शीर्ष अदालत में प्रस्तुत नहीं हुईं बल्कि उन लाखों कमजोर लोगों का पक्ष रखने के लिए सामने आईं, जो एसआईआर से पीड़ित हैं, जिनके मताधिकार पर सरकारी कार्रवाई का चाबुक चला है। संक्षेप में कहें तो ममता बनर्जी लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्यमंत्री होते हुए भी वकील की भूमिका में आईं। अदालत में अपनी दलीलों को पेश करने के बाद आखिरी में माननीय न्यायाधीशों से उन्होंने यही कहा कि लोकतंत्र बचा लीजिए। गौरतलब है कि एसआईआर को लेकर देश भर में गरीब और कमजोर लोग चिंतित हैं कि उनका नाम कहीं मतदाता सूची से कट न जाए। पांच साल में एक दिन उन्हें मिलता है जब उन्हें उसी कतार में खड़े होने का मौका मिलता है, जिस कतार में समाज का धनाढ्य और प्रभावशाली तबका भी लगता है। वोट देने का अधिकार अमीर और गरीब हरेक के पास एक जैसा है। लेकिन एसआईआर के कारण इस अधिकार पर बड़ी चोट पड़ चुकी है। भाजपा और चुनाव आयोग जिसे धार्मिक शब्दावली की तरह मतदाता सूची का शुद्धिकरण कहते हैं, वह असल में अन्याय और असमानता को बढ़ावा देने वाला है। पिछले साल जून में सबसे पहले बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसका व्यापक और तार्किक विरोध विपक्ष ने किया था। बिहार में इस पर महागठबंधन ने वोटर बचाओ यात्रा भी निकाली थी, जिसे बड़े पैमाने पर समर्थन मिला था। इस मामले में अदालत में याचिकाएं दाखिल हुईं। कायदे से ऐसे में एसआईआर को रोक कर फैसले का इंतजार किया जाना चाहिए था। लेकिन बिहार में यह पूरी भी हुई और करोड़ों नाम वोटर लिस्ट से कटे, उसके बाद चुनाव हुए और नतीजा सबके सामने है। जिन घुसपैठियों के नाम पर एसआईआर को तत्काल कराने की जरूरत बताई गई, उस पर अब सत्ता पक्ष या चुनाव आयोग कुछ नहीं कहता कि कितने विदेशी नागरिक बिहार में वोटर लिस्ट में थे। अब घुसपैठियों का यही लचर तर्क प.बंगाल में दिया जा रहा है। यहां तो अर्मत्य सेन जैसे प्रतिष्ठित नागरिक तक को चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया, तो आम गरीब आदमी की बिसात ही क्या है। इसलिए ममता बनर्जी को बुधवार को अदालत में कहना पड़ा कि न्याय बंद दरवाजे के पीछे रो रहा है। बता दें कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष ममता बनर्जी अपने वकीलों के साथ कोर्ट रूम नंबर एक में मौजूद रहीं। मंगलवार को मुख्यमंत्री बनर्जी के नाम पर एक गेट पास जारी किया गया था। मोस्तारी बानू और टीएमसी सांसदों डेरेक ओ 'ब्रायन और डोला सेन की दायर याचिकाओं पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने सुनवाई की।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की स्थिति को लेकर भ्रम की स्थिति

- नित्य चक्रवर्ती

**किसी** भी व्यापारिक समझौते में हमेशा लेन-देन होता है। इसलिए, अमेरिका से ऐसी रियायतें पाने के लिए भारत की तरफ से कुछ रियायतें देने में कुछ भी गलत नहीं है, जो राष्ट्रीय हितों के लिए भारत के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। लेकिन बातचीत बराबरी के आधार पर होनी चाहिए क्योंकि भारत, वह भारत है, जो एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर घोषणा की उम्मीद थी, लेकिन जिस तरह से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों ने सोशल मीडिया पर ऐसा किया, उससे बड़ा भ्रम पैदा हो गया है।

नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के बाद, ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिका ने भारत के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसके तहत उन्होंने भारतीय उत्पादों पर लगाए गए दंडात्मक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, जिसके बदले में भारत कुछ अमेरिकी सामान पर अपने टैरिफ कम करेगा, अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा, और रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, मोदी ने लिखा कि वह टैरिफ में कमी से 'खुश' हैं, लेकिन उन्होंने विवरण नहीं दिया, जिसमें यह भी शामिल नहीं था कि क्या उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा जैसा कि ट्रंप ने दावा किया था। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि व्यापार समझौता अंतिम रूप से तय हो गया है। मोदी ने लिखा, 'जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एक साथ काम करते हैं, तो इससे हमारे लोगों को फायदा होता है और आपसी लाभकारी सहयोग के लिए अपार अवसर खुलते हैं।'

मोदी ने यह भी नहीं बताया जो ट्रंप ने कहा कि भारत '500अरब डॉलर से अधिक अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला, और कई अन्य उत्पादों के अलावा, अमेरिकी सामान खरीदने के लिए बहुत उच्च स्तर पर प्रतिबद्ध है,' और यह कि भारत 'संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अपने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करके शून्य पर लाने के लिए आगे बढ़ेगा।'

फोन पर बातचीत के बाद अमेरिकी और भारतीय नेताओं द्वारा जारी किए गए बयानों के लहजे में एक ध्यान देने योग्य अंतर था। नई दिल्ली में भाजपा और सरकारी हलकों में काफी उत्साह था। हर कोई भारतीय सरकार की तरफ से विस्तृत जानकारी की उम्मीद कर रहा था, लेकिन कुछ भी सामने नहीं आया। यहां तक कि अपनी पार्टी के सांसदों की बैठक में भी, मोदी ने अधिक विवरण नहीं दिया, सिवाय इसके कि भारत की ओर से धैर्य रखने का फल मिला।

सटीक स्थिति क्या है? सरकारी सूत्र वाशिंगटन से अधिक विवरण की प्रतीक्षा करने के अलावा और कुछ नहीं बता रहे हैं। यह स्पष्ट है कि ट्रंप ने मौजूदा 50 प्रतिशत जिसमें 25 प्रतिशत जुमार्ना भी शामिल है, के मुकाबले पारस्परिक व्यापार दर को घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है। ट्रंप के अनुसार, यह तुरंत प्रभाव से लागू होता है। अगर ऐसा है, तो यह भारत के लिए एक बड़ी जीत है, जबकि इसके मुकाबले चीन 37 प्रतिशत, वियतनाम 20 प्रतिशत, बांग्लादेश 20 प्रतिशत और यहां तक कि पाकिस्तान भी 19 प्रतिशत पर है।

लेकिन भारत ने अमेरिका को सोयाबीन, डेयरी और अन्य कृषि उत्पादों के सेक्टर में क्या रियायतें दीं? क्या मोदी ने रूस से



सस्ते दाम पर भी तेल का सारा आयात बंद करने पर सहमति दे दी है? पहले भी ट्रंप ने दावा किया था कि भारत ने रूस से खनिज तेल का आयात इंपोर्ट बंद कर दिया है, लेकिन आयातप्रतिस्पर्धी मूल्य के आधार पर हो रहा था। असल में, अभी भी, अन्तरराष्ट्रीय खनिज तेल व्यापार सूत्रों के अनुसार, रूसी कच्चा तेल अमेरिकी कच्चे तेल की तुलना में16डॉलर सस्ता है। अगर भारत रूसी तेल का पूरा आयात बंद कर देता है, तो भारत को यह अतिरिक्त लागत उठानी पड़ेगी। क्या मोदी सच में इसके लिए सहमत हो गए हैं? अगर वह सहमत हो गए हैं, तो उन्हें सामने आकर यह बात खुलकर बतानी चाहिए।

आजकल किसी भी व्यापारिक समझौते में हमेशा लेन-देन होता है। इसलिए, अमेरिका से ऐसी रियायतें पाने के लिए भारत की तरफ से कुछ रियायतें देने में कुछ भी गलत नहीं है, जो राष्ट्रीय हितों के लिए भारत के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। लेकिन बातचीत बराबरी के आधार पर होनी चाहिए क्योंकि भारत, वह भारत है, जो एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और जिसमें 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है, जो चीन को भी पीछे छोड़ देगी। मोदी 1.4 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और वह ट्रंप के कहने पर राष्ट्रीय हितों का बलिदान नहीं कर सकते।

सवाल यह है कि क्या ट्रंप की शर्तों पर सहमत होते हुए भारत ने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखी? अगर डील हो गई है, तो प्रधानमंत्री की यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वह डील के बारे में विस्तार से बताएं। या, अगर यह अभी तक फाइनल नहीं हुई है और 18 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ एक फ्रेमवर्क है, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए। ट्रंप अपने ट्रूथ सोशल पर और भी बहुत कुछ कहते रहेंगे। अगर नरेंद्र मोदी असली स्थिति नहीं बताते हैं, तो वे बातें बिना चुनौती के बनी रहेंगी।

यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लगातार व्यापार समझौते - एक जिसे 'सभी ट्रेड डील्स की जननी' कहा जा रहा है और दूसरा भारतीय सामान पर टैरिफ को 18 प्रतिशत तक कम करने वाला यह समझौता-से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की व्यापक उम्मीद है, जिससे एक दशक में निर्यात में संभावित 150अरब डालर की वृद्धि होगी, ऐसा सरकार के करीबी विशेषज्ञ कहते हैं।

ये समझौते टैरिफ कम करेंगे और बाजार की बाधाओं को आसान बनाएंगे, साथ ही भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी बढ़ावा देंगे, जिसमें श्रम-प्रधान टेक्सटाइल सेक्टर भी शामिल है। हालांकि, भारत चीन के मुकाबले अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त के ज्यादा समय तक बने रहने की उम्मीद नहीं कर सकता, क्योंकि ट्रंप इस साल अप्रैल में अमेरिका-चीन व्यापार समझौते को अन्तिम रूप देने के लिए चीन जा रहे हैं और चीन के लिए टैरिफ दर निश्चित रूप से 20प्रतिशत से कम हो जाएगा। यह यूरोपीय यूनियन के 15 प्रतिशत या यूनाइटेड किंगडम के 10प्रतिशत के स्तर पर हो सकता है। इसलिए भारत को बहुत जल्द चीन के मुकाबले अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त को भूलना होगा।


50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने कई चीजों पर असर डाला है। इनमें स्टील, टेक्सटाइल और फार्मास्यूटिकल्स जैसे सेक्टर शामिल हैं। उदाहरण के लिए, टैरिफ के बाद अमेरिका को स्टील की शिपमेंट में 40 प्रतिशत की गिरावट आई। यह सेक्टर पुनः सुधार की ओर जा रहा है और यह इस चरण में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत मददगार होगा। यह देखना होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके कुल असर का मूल्यांकन करने से पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को आखिरकार उसके अन्तिम स्वरूप में आधिकारिक तौर पर कैसे पेश किया जाता है।

# देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करते प्रधानमंत्री

-सर्वमित्रा सुरजन

**संभावित** टकराव वाले क्षेत्रों की निगरानी की जा रही थी। लेकिन निर्णायक बिंदु रेचिन ला था। नरवणे ने रक्षा मंत्री को एक और फोन किया, जिन्होंने वापस कॉल करने का वादा किया। समय खिंचता गया। हर मिनट चीनी टैंकों के शिखर तक पहुंचने के और करीब ले जा रहा था। रात 10:30 बजे राजनाथ सिंह का फोन आया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी

लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारियों को कैसे नकारा जाता है, इसकी ताजा मिसाल संसद के बजट सत्र में नरेन्द्र मोदी ने पेश की। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जब अपनी बात रखना चाही, तो उन्हें बार-बार टोका गया और संसदीय इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष का भाषण पूरा ही नहीं हुआ। पहले सोमवार 2 फरवरी को राहुल गांधी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी से कुछ अंश सदन में पढ़ने चाहे, तो उन्हें नियम 349 का हवाला देकर टोका गया। इसके बाद राहुल गांधी का भाषण अधूरा ही रह गया, इसके बाद 3 फरवरी को भी राहुल गांधी ने अपनी बात सदन में रखना चाही, लेकिन उन्हें फिर बोलने नहीं दिया गया। सोमवार को जब राहुल गांधी ने अपना भाषण शुरू किया और राष्ट्रपति के भाषण का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर आए, वैसे ही सत्ता पक्ष में हलचल दिखने लगी। राहुल के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीनों मौजूद थे। उन्हें शायद अंदेशा हुआ कि अब राहुल गांधी कुछ ऐसा बोल जाएंगे, जिससे मोदी की दिखावटी 56 इंची वाली बहादुरी की पोल खुल जाएगी। इसलिए जैसे ही राहुल गांधी ने चीन का नाम लिया, सत्ता पक्ष की तरफ से हंगामा होने लगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी सरकार की ढाल बनकर खड़े हो गए। ओम बिड़ला राहुल गांधी को बार-बार याद दिलाने लगे कि संसद



की मयार्दा कैसे बना कर रखी जाए और उन्हें नियमों के हिसाब से ही चलना पड़ेगा।

जानकारी के लिए बता दूं कि लोकसभा की नियम पुस्तिका का नियम 349 सदन के भीतर सदस्यों के आचरण और मयार्दा से संबंधित है। नियम कहता है कि सदस्य सदन में नारे नहीं लगा सकते और न ही किसी तरह का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस नियम की उपधारा एक में कहा गया है कि कोई भी सदस्य किसी अखबार की क्लिपिंग या मैगजीन में प्रकाशित अंश, कोई पुस्तक के अंश सदन में नहीं पढ़ सकते। इसके अलावा सदन के भीतर झंडे, प्रतीक चिन्ह, पोस्टर, तख्तियां या धार्मिक चित्र दिखाना वर्जित है। लेकिन अगर कोई सदस्य किसी प्रकाशित अंश को सत्यापित यानी वेरिफाई करे तो फिर उसमें समस्या नहीं है। राहुल गांधी ने अगले दिन मंगलवार को अपने हस्ताक्षर के साथ उस अंश को सत्यापित करके आसंदी को सौंपा ताकि उन्हें अपना भाषण पूरा करने दिया जाए। लेकिन तब भी उन्हें बीच में ही रोका गया और उनके बाद जिन सदस्यों के नाम भाषण देने के लिए सूची में थे, उन्हें पुकारा गया। हालांकि विपक्ष ने पूरी एकता दिखाई और एक भी सांसद भाषण देने के लिए खड़ा नहीं हुआ तो फिर आसंदी ने सत्ता पक्ष के लोगों को मौका दे दिया। संसद के भीतर खुली बेईमानी की गई, लेकिन पूरी भाजपा राहुल गांधी पर देश विरोधी काम करने का आरोप लगा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी पक्षपात के नए मापदंड स्थापित कर रहे हैं। क्योंकि जिस नियम के तहत राहुल गांधी को बोलने से रोका गया, वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लागू नहीं हुआ।

संसद के कुछ पुराने वीडियो सामने आए हैं, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी कु छ किताबों का उदाहरण देकर भाषण दे रहे हैं और ओम बिड़ला मुस्कुराते हुए उन्हें सुन रहे हैं। बुधवार को भी भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कम से कम छह किताबों का हवाला अपने भाषण में दिया और उन्हें रोका नहीं गया। लेकिन सारे नियम राहुल गांधी पर लागू किए गए।

दरअसल इसके पीछे मोदी सरकार का डर छिपा है कि चीन के अतिक्रमण पर जितनी लापरवाही और डर दिखाया गया, उसकी सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी। मनोज नरवणे की किताब का जो अंश कारवां पत्रिका में छपा है और जिसे राहुल गांधी पढ़ना चाहते थे, उसमें बताया गया है कि 2020 में चीन के अतिक्रमण के वक्त जब भारत को तत्काल जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए थी और जिसके लिए हमारी सेना सक्षम थी, तब शीर्ष नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम लोगों ने तत्काल फैसला नहीं लिया, जिसका नुकसान देश को हुआ। मनोज नरवणे ने उन तथ्यों को किताब में लिख दिया। इसलिए सरकार घबरा रही है कि उसकी कमजोरी बाहर आ जाएगी। बता दूं कि रक्षा मंत्रालय ने इस किताब को प्रकाशित करने की अनुमति नहीं दी, हालांकि बुधवार को राहुल गांधी इस किताब को संसद में लेकर आए और उन्होंने बताया कि यह संभवतः विदेश में प्रकाशित हुई है। राहुल ने दावा किया था कि अगर प्रधानमंत्री आज संसद में आएं तो मैं खुद उन्हें यह किताब दूंगा, लेकिन वे नहीं आएंगे। और ऐसा ही हुआ, बुधवार को प्रधानमंत्री संसद में नहीं पहुंचे।

बता दें कि कारवां पत्रिका के मुताबिक इस किताब में जनरल नरवणे ने लिखा हैः

भारतीय सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल योगेश जोशी को 31 अगस्त 2020 की रात 8:15 बजे एक फोन कॉल मिला कि चार चीनी टैंक, पैदल सेना के साथ, पूर्वी लद्दाख में रेचिन ला की ओर जाने वाले एक खड़ी पहाड़ी रास्ते पर चढ़ते हुए आगे बढ़ने लगे थे। जोशी ने इस गतिविधि की सूचना फौरन सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे को दी। ये टैंक कैलाश रेंज पर भारतीय ठिकानों से कुछ ही सौ मीटर की दूरी पर थे। भारतीय सैनिकों ने एक इल्यूमिनेटिंग राउंड दागा, जो चेतावनी थी। इसका कोई असर नहीं हुआ। चीनी आगे बढ़ते रहे। नरवणे ने बताया कि उन्होंने भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के शीर्ष लोगों को फोन करने शुरू किए। जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल थे।

नरवणे ने अपनी अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी में लिखा, 'हर एक से मेरा सवाल था- 'मेरे लिए क्या आदेश हैं?' स्थिति तेजी से बिगड़ रही थी और स्पष्ट निदेर्शों की मांग कर रही थी। लेकिन नरवणे को स्पष्ट आदेश थे कि 'ऊपर से मंजूरी मिलने तक' गोली न चलाई जाए। उनके वरिष्ठों की ओर से कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिला।

## पंचायत चुनाव समय पर होंगे,75 जिलों में पहुंच चुके मतपत्रः ओम प्रकाश राजभर

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर।जिला** पंचायत सभागार में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में पंचायती राज मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने एसआईआर की सीमा बढ़ाए जाने और पंचायत चुनाव की स्थिति पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे,किसी तरह के भ्रम की आवश्यकता नहीं है।राजभर ने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए मतपत्र छप चुके हैं और 75 जिलों में भेजे जा चुके हैं, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 तारीख को किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि चुनाव प्रक्रिया तय समय-सारिणी के अनुसार आगे बढ़ेगी।इस दौरान सुभासपा विधायक बेनीराम से जुड़े नाले पर अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम टीम को कथित रूप से फोन पर हड़काने के वायरल ऑडियो के मामले में भी राजभर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने विधायक का बचाव करते हुए कहा कि ऐसा कोई तथ्य नहीं है।



यदि लेखपाल इस तरह का आरोप लगा रहा है तो मोबाइल रिकॉर्डिंग सार्वजनिक करे।राजभर ने कहा कि यह मामला पहले ही नियम 51 के तहत विधानसभा में उठाया जा चुका है। जहां वास्तव में नाला है, वहां ठेकेदारों द्वारा फ्लैट बना लिए गए हैं और वे चाहते हैं कि नाला किसी अन्य की जमीन से निकलवा दिया जाए। विधायक की मांग है कि नाला उसी स्थान से निकले,जहां उसका वास्तविक अस्तित्व है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नाले की जमीन पर विधायक का कोई मैरिज लॉन नहीं बना है।भूमि की चार बार पैमाइश हो चुकी है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित पार्षद पार्टी से प्रेरित होकर बयानबाजी कर रहा है।पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एलएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, सुभासपा जिला अध्यक्ष विनीत सिंह,सुभासपा जिला संघठन मंत्री मनोज शर्मा,भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, राजेश दुबे निर्माण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## यु‍ट्यूबर संजय यादव व उनके भाई ने कोर्ट मे किया सरेंडर

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। जानलेवा** हमले समेत अन्य आरोपो से जुड़े मामले में शुक्रवार को मशहूर युट्यूबर संजय यादव व उनके भाई जयसिंह यादव ने एसीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जिनकी तरफ से प्रस्तुत जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने उन्हें जमानत व मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। मामले में सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख तय की गई है।धम्मौर थाने के पूरे चुरावन पिकौरा गांव के रहने वाले अमन सिंह ने 27 मई साल 2025 की घटना बताते हुए स्थानीय थाने के खालिसपुर-पिकौरा के रहने वाले यूट्यूबर संजय सिंह यादव व उसके भाई जय सिंह यादव एवं उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य आरोपो में धम्मौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में गत 24 जून को कोर्ट में हाजिर होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट में लगी धाराओं के आधार पर आरोपी संजय यादव व उनके भाई जय सिंह यादव ने जमानत करा ली थी। फिलहाल पुलिस ने आरोप पत्र प्रेषित करते समय अन्य धाराओं की बढ़ोतरी किया था। मामले में दोनों भाइयों के



अलावा आरोपी सूर्य प्रताप यादव,अरुण यादव,कुलमेंद्र यादव,अमरेंद्र यादव,संतोष यादव,इंद्रजीत यादव व पवन यादव के खिलाफ भी चार्जशीट पेश की गई है। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख नियत करते हुए सभी आरोपियो के खिलाफ सम्मन जारी किया था। मामले में यूट्यूबर संजय यादव व उनके भाई जय सिंह यादव ने हाजिर होकर बढ़ी धाराओ में जमानत अर्जी पेश किया,जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए उन्हें सशर्त रिहा करने का आदेश दिया है।

## आएशा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल उत्सव उड़ान का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर । बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के पारा बाजार स्थित आयशा पब्लिक स्कूल में वार्षिक तीन दिवसीय खेल उत्सव उड़ान का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पारा चौकी के वरिष्ठ कांस्टेबल के.के.यादव, कांस्टेबल अमित यादव एवं कांस्टेबल हेमराज ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक मुश्ताक अहमद,सीईओ इमरान खान तथा प्रधानाचार्य रिजवान अहमद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

खेल उत्सव के पहले दिन एलकेजी से कक्षा दो तक के बालक-बालिकाओं ने दौड़,स्पून-मार्बल रेस,रिले रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे खिलाड़ियों की खेल भावना और जोश ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में रज्जन खान,फरहान खान, पीयूष कुमार, कृष्णराम,सुमन तिवारी,सचिन सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य रिजवान अहमद ने बताया कि खेल उत्सव के आगामी दिनों में अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, रविवार 8. 2. 2026



# समाधान दिवस में आई जनसमस्याओं का गंभीरता से कराएं निराकरण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों परिसर में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए।

मानिकपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनशिकायतों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम ने कहा कि इनका मुख्य कारण अधिकारियों और जनता के बीच संवाद का अभाव है। यदि तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई कर निस्तारण सुनिश्चित करें, तो फरियादियों को निस्तारण के लिए कलेक्टरेट नहीं भटकना पड़ेगा। बैठक में राजस्व, चकबंदी, पत्थरगढ़ी, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन, विद्युत तथा पेयजल से संबंधित प्राप्त हुए। डीएम ने लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि छोटे प्रकरणों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही प्राथमिकता के आधार पर करें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में सख्त निर्देश दिए कि निस्तारण के लिए ह्यअंतिम तिथिह्व की प्रतीक्षा न करें। शिकायतों का समाधान निर्धारित समय से चार दिन पूर्व सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता की समीक्षा की जा सके और त्रुटियों को सुधारा जा सके।

## ग्रामोदय विद्यार्थियों ने जानी सीमेंट निर्माण की प्रक्रिया

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित एमएससी पर्यावरण पाठयक्रम के विद्यार्थियों ने स्टडी टूर के तहत बिरला कारपोरेशन लिमिटेड सतना का भ्रमण कर सीमेंट निर्माण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से जाना और समझा। ऊर्जा और पर्यावरण विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो साधना चैरसिया के नेतृत्व में बिरला सीमेंट फैक्ट्री पहुंचे विद्यार्थियों के समूह ने सीमेंट फैक्ट्री में होने वाले प्रमुख प्रदूषण तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रिया विधि के व्याहारिक पक्ष को समझा। इस दौरान विद्यार्थियों ने सीमेंट फैक्ट्री के तकनीकी अधिकारियों और विशेषज्ञों से जल के पुनः उपयोग, हरित पट्टी अपशिष्ट विहीन कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की।

# होमस्टे के माध्यम से ग्रामीणों को आत्म निर्भर बनाने पर दिया गया विशेष जोर



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति (डी.जी.वी.एस.) द्वारा संचालित एग्री-रूरल एवं गंगेय ग्राम ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के बनाड़ी गांव में दो दिवसीय ओरिएंटेशन होमस्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में ग्रामीणों को होमस्टे की अवधारणा, ग्रामीण पर्यटन के महत्व तथा पर्यटकों को प्रामाणिक ग्रामीण अनुभव प्रदान करने के तरीकों से अवगत कराया गया। इस दौरान ग्रामीण पर्यटन विशेषज्ञ दिव्यांगना मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को अतिथि सत्कार, स्वच्छता, व्यवहार तथा स्थानीय संस्कृति की भूमिका आदि पर विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यटक एवं होमस्टे संचालक के बीच रोल-प्ले प्रस्तुत कर व्यवहारिक आतिथ्य कौशल को सहज एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। साथ ही प्रश्न-उत्तर सत्र के माध्यम से ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण पर्यटन को सशक्त बनाने के साथ स्थानीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस मौके पर जिला समन्वयक कामता प्रसाद, ग्राम समन्वयक केशव आदि मौजूद रहे।

## सिंचाई बंधु की मासिक समीक्षा बैठक 10 को

**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम एवं सचिव सिंचाई बंधु एसके प्रसाद ने बताया कि सिंचाई बंधु की मासिक समीक्षा बैठक 10 फरवरी द्वितीय मंगलवार को प्रातः 11 बजे न्यू सिंचाई कॉलोनी स्थित मीटिंग हॉल कर्वी चित्रकूट में होगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष/उपाध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल करेंगे। नामित सदस्यों से समय पर उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## 24 घंटें के अंदर पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार, माल बरामद

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना राजापुर पुलिस टीम ने चोरी के आरोपी को चोरी के सोने-चांदी के जेवर व 1000 रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।

राजापुर थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार को क्षेत्र के रगौली गांव निवासी कलावती पत्नी राजा बाबू निषाद ने सूचना दी कि बीती चार फरवरी को वह अपने ननद के घर मऊ गई हुई थी। इसी बीच दोपहर चार बजे के लगभग गाँव का ही शिवाकन्त उर्फ सोनू पीछे के रास्ते से घर के दरवाजे का ताला तोडकर अन्दर घुस गया और अंदर रखे बक्से से सोने-चांदी के जेवर व 6000 रुपए नगद चुरा कर भाग रहा था कि एक महिला ने देख लिया। इस सूचना पर आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में सम्बन्ति धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में थाना के उपनिरीक्षण रमेशचन्द्र तिवारी व उनकी टीम आरक्षी राहुल यादव व पवन कुमार ने रगौली मोड़ के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर सहित 1,000 रुपये नगद बरामद किए गए। आभूषण व रुपयों के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने बीती चार फरवरी को अपने ही गांव के राजाबाबू निषाद के घर में घुसकर कमरे व बक्से का ताला तोड़कर जेवर व रुपये चुराए थे। जिन्हें बेचने के लिए जा रहा था कि पकड़ लिया गया।

# क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** मानिकपुर नगर एवं क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शनिवार को भाजपा नेता अधिवक्ता जितेन्द्र मोहन शुक्ल एवं पंकज सिंह पटेल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा नेता किसान मोर्चा चित्रकूट के जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता जितेन्द्र मोहन शुक्ल एडवोकेट एवं अपना दल के नेता पंकज सिंह पटेल ने नगर क्षेत्र में उपनिबंधन कार्यालय जल्दी चालू कराने, ग्राम न्यायालय की बिल्डिंग का शीध्र निर्माण कराने, मानिकपुर में बस स्टैंड का निर्माण कराने, उमरी में चयनित खेल मैदान का जल्द निर्माण कराने, नगर की प्रमुख समस्या बाईपास को देखते हुए दिलावर के डेरा से कल्याण केन्द्र चैराहे से पुराना मानिकपुर होते हुए सेमराटार ऐलहा तक सड़क का निर्माण कराने, सभी ग्राम पंचायतों में गरीब असहाय भूमिहीन लोगों को जमीन पर पट्टा कर जमीन देने व मानिकपुर तहसील के सामने खराब सड़क को बनवाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मानिकपुर अधिवक्ता प्रेमचंद भारतीय, प्रधान सरहट प्रमोद कुमार, प्रधान नागर दादूराजा, अधिवक्ता अखिलेश्वर सिंह, नारायण सिंह पटेल, पंकज उपाध्याय, कौशल किशोर, अवधेश पाण्डेय, रोहन शुक्ला, आशीष रैकवार, पूरन चंद विश्वकर्मा, विकास सिंह पटेल, श्रवण द्विवेदी, आजाद साकेत, राम सुशील तिवारी, शिवपूजन कोल, प्रभाकर पाण्डेय, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश कोल, भाजपा नेता आशीष कोल, अभिलाष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हो चुकी है जनता : शिवशंकर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव ने कहा कि सभी लोग अपने अपने बूथों पर मुस्तैदी से नजर बनाए रखें, जिससे कि भाजपा के षडयंत्र को नाकाम किया जा सकें। भाजपा नेता इस मामले में दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है, किंतु समाजवादी पार्टी के बी.एल.ए. की सतर्कता से वे अपने मंसूबों पर कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। भाजपा जनता के बीच से गायब हो चुकी है तथा आमजनमान भाजपा की कुनीतियों से त्रस्त है। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त है, जिले में अपराधों की बाढ़ आ गई है। इस दौरान बरगढ़ में हुए व्यापारी पुत्र के अपहरण और हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस की हीलाहवाली से व्यापारी के पुत्र बचाया नहीं जा सका। कहा कि जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है, जिसके कारण जनपद में लोगों को कफन आंदोलन तक में बैठना पड़ रहा है। इस दौरान सभी पार्टी कार्यकताओं को एस.आई.आर. और पंचायत चुनाव की मतदाता सूची को लेकर सजग रहने और प्रत्येक साजिश को नाकाम करने का आह्वाहन किया। कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर होने वाली किसी भी साजिश को बेनकाब करने के लिए कटिबद्ध रहे।

इस मौके पर पार्टी महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष मो.गुलाब खान, सीताराम कश्यप, नरेंद्र यादव, उमाकांत यादव, जितेंद्र सिंह, कैलाश बौद्ध, सूरज सिंह पटेल, प्रदेश सचिव लवलेश यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, दीपक पटेल, प्रदेश सचिव धनंजय चंदेला, जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, वरिष्ठ नेता कल्लू पाल, रमेश चंद्र कुशवाहा, अजय यादव, अमर पटेल, जलाल खान, रामसागर यादव, विशाल मिश्रा, सरनाम यादव, रामसनेही खंगार, ओ.पी.अनुरागी, पवन विद्यार्थी, संतोष कोटार्य, शिवभजन यादव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया मानिकपुर तहसील का आकस्मिक निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को तहसील मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, चकबंदी कार्यालय तथा न्यायिक कक्षों का अवलोकन कर संबंधितों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिवक्ता परिसर का भी भ्रमण किया। यहां बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य कराने और टीन शेड के स्थान पर पक्के चैंबर के निर्माण की मांग की। इस पर डीएम ने अधिवक्ताओं को निस्तारण का आश्वासन देते हुए एसडीएम मानिकपुर को प्रस्तावित कार्यों का साडा के माध्यम से अविलंब एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए। डीएम ने बार एसोसिएशन चुनाव के बाद दीवारों और परिसर में लगाए गए विज्ञापनों व पंपलेटों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। साथ ही पानी की टंकी से हो रहे रिसाव को तत्काल ठीक कराने तथा शौचालयों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक चकबंदी अधिकारी कक्ष के निरीक्षण के दौरान डीएम ने चकबंदी के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति जांची और अभिलेखों का अवलोकन किया। साथ ही ग्राम पंचायत ऐंचवारा के गाटा संख्या तथा काश्तकारों की जानकारी प्राप्त की। चकबंदी आकार पत्र-23 के निरीक्षण के दौरान डीएम ने ह्यजोत प्रारंभ होने के वर्षह्य वाले कॉलम को अनिवार्य रूप से भरने के निर्देश दिए। सहायक चकबंदी अधिकारी ने बताया कि धारा 27 के अंतर्गत ग्राम खरौद की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि मार्च निर्धारित की गई है।

तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान डीएम ने लंबित वादों की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। तीन वर्ष से अधिक पुराने लंबित वादों पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बार-बार तारीख देना उचित नहीं है। एक विशिष्ट पुराने मामले को 15 दिवस के भीतर निस्तारित करने का आदेश दिया। स्पष्ट किया कि धारा 34 (नामांतरण) से संबंधित कोई भी पत्रावली अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। डीएम ने बंदीगृह का भी निरीक्षण किया और तहसील प्रशासन को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं गति लाने की हिदायत दी।

एसडीएम न्यायिक के कक्ष का निरीक्षण कर डीएम ने कहा कि न्यायालय में जो समय निर्धारित किया गया है, निर्धारित समय पर बैठकर निस्तारण कराएं। इसके बाद डीएम ने संग्रह अनुभाग व अभिलेखागार भूलेख का निरीक्षण किया। स्कैनिंग की जानकारी लेते हुए सभी दस्तावेजों को क्रम वार रखनें के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, उपजिलाधिकारी न्यायिक पूजा गुप्ता, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ह्लसही भोजन, बेहतर जीवन (ईट राइट इंडियां) अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना है, जिससे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। अभियान के अंतर्गत सभी खाद्य समूहों को उचित मात्रा में शामिल कर पोषणयुक्त भोजन अपनाने पर विशेष बल दिया गया है। बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा जारी प्रतीक चिन्ह (लोगो) में प्रयुक्त प्रत्येक रंग एक विशेष खाद्य समूह एवं उससे संबंधित आवश्यक पोषक तत्वों का प्रतिनिधित्व करता है, जो मानव शरीर के समुचित विकास एवं स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य हैं। वर्तमान समय में स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक हो गया है। निर्देश दिए कि जनपद स्तर से निर्गत किए जाने वाले समस्त पत्रों पर 'ईट राइट इंडिया' अभियान का प्रतीक चिन्ह (लोगो) पत्र के ऊपर दाईं ओर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए, जिससे अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन इस अभियान के प्रति जागरूक हो सकें।

# उप परिवहन आयुक्त ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर ने शनिवार को जनपद का दौरा किया और परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान राजस्व और प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उप परिवहन आयुक्त ने संभावित दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग और वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप की विशेष चेकिंग करने के निर्देश दिए।

उप परिवहन आयुक्त झांसी के.डी. सिंह गौर ने विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व प्राप्ति, प्रवर्तन कार्यों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार करने एवं शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्ति के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन तिराहा, खोह, कर्वी में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं बिना हेलमेट, सीट बेल्ट और ड्रंकन ड्राइव करने वाले वाहनों को रोंककर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया।इस दौरान बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालित पाए जाने पर प्रवर्तन की कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम जारी रहेगा। इस मौके पर पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी, आरआई रवि शंकर, कार्यालय सहायक अरुण कुमार पांडेय, असलम खां, कमलेश कुमार, अजय कुमार, मुनेन्द्र तिवारी, रंजीत आदि मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली में फिसड्डी निरीक्षकों से मांगा गया स्पष्टीकरण

- समीक्षा बैठक में बड़े बकाएदार होटल संचालकों पर सख्ती करने के निर्देश।
- गलत कर निर्धारण करने के आरोपी कर विभाग के दो कर्मचारी हटाए गए।

**अखंड भारत संदेश**




**अयोध्या।** राजस्व वसूली के मामले में लापरवाही बरतने वाले दो निरीक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है इसके साथ ही नगर निगम ने बड़े बकाएदार होटल संचालकों से सख्ती करने का निर्णय लिया गया है नगर निगम कार्यालय में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कर-करेत्तर संबंधी समीक्षा बैठक की जिसमें नगर आयुक्त ने बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण व पुलिस विभाग समेत सभी सरकारी विभागों को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है इस दौरान नगर आयुक्त ने चौदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों से टैक्स वसूली करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिजली विभाग के डिविजनल मैनेजर से वार्ता के क्रम में निर्देशित किया कि शहर में लगे ट्रांसफार्मर के कवर एरिया या प्लाट पर टैक्स निर्धारण कर उन्हें अवगत कराएं,ताकि बिजली विभाग से ससमय कर जमा कराया जा सके नगर आयुक्त ने कर अधीक्षकों एवं राजस्व निरीक्षकों को हिदायत दी कि नागरिकों की ओर से शिकायत आ रही है कि पहले ज्यादा टैक्स लगाकर फिर कम करने के नाम पर अनुचित मांग की जा रही है इस पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी उन्होंने कम राजस्व वसूली के कारण अयोध्याधाम के राजस्व निरीक्षक गोविंद प्रकाश पांडेय एवं शमशेर सिंह को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया नगर आयुक्त ने अवधपुरी जोन की राजस्व निरीक्षक श्रीमती स्वप्निल सिंह से शाश्वत एवं पुष्पक जैसे होटल के टैक्स को लेकर चर्चा की उनके द्वारा स्पष्ट जवाब न दिए जाने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई राजस्व निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव ने बताया कि उनके कार्य क्षेत्र में आने वाले प्रमुख होटलों को नोटिस डिमांड तैयार कर भेजा जा रहा है महापौर एवं नगर आयुक्त ने अयोध्या धाम में कार्यरत कर्मचारी भोला गुप्ता एवं ओमप्रकाश श्रीवास्तव के विरुद्ध मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उन्हें हटाने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया इस दौरान नरेंद्रालय में दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था किए जाने एवं वहां से निष्प्रयोग वाहनों को हटाने के लिए भी महापौर ने अपर आयुक्त को निर्देशित किया। इसके साथ ही कर अधीक्षक जय प्रकाश को करेक्टर मद में वाहन पार्किंग तथा विज्ञापन की वसूली बढ़ाने एवं बकाया धनराशि को शीघ्र जमा करने के लिए निर्देशित किया यह भी कहा गया कि सभी जोनल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नए भवनों को शत-प्रतिशत कर के दायरे में लाएं। बैठक में अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्त, सौरभ नाथ, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, कर निर्धारण अधिकारी विनय प्रताप सिंह,कर अधीक्षक जयप्रकाश, विनय कुमार गौड़, राजस्व निरीक्षक अनिल यादव, देवी प्रसाद, वीरेंद्र पटेल, गोविंद प्रकाश पांडेय,शमशेर सिंह, स्वप्निल सिंह, प्रतिमा श्रीवास्तव, वंदना आदि मौजूद रही।

# पारिवारिक कलह से परेशान युवती ने नहर में लगाई छलांग, दूसरे दिन भी नहीं चला पता



**अखंड भारत संदेश**

**अयोध्या।** अयोध्या में पारिवारिक कारणों से नाराज होकर घर से निकली युवती ने शारदा सहायक बड़ी नहर में छलांग लगा दी। काफी प्रयासों के बाद उसे बरामद नहीं किया जा सका है। मामला पूरा बाजार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा खानपुर पुरसाए गोविंदपुर का है। यहां की निवासी सविता गौड (20) पुत्री स्वर्गीय बजरंगी गौड शुक्रवार शाम करीब 3.00बजे घर से निकली थी। वह बिल्हार घाट स्थित शारदा सहायक बड़ी नहर पहुंची। अचानक नहर में कूद गई। मौके से गुजर रहे राहगीरों को जब तक घटना का अंदेशा हुआ, तब तक युवती पानी में डूब चुकी थी। सूचना मिलने पर महाराजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शुक्रवार शाम 6:00 से एसडीआरएफ की टीम रात 11:00 बजे तक खोज की परंतु सफलता नहीं हासिल हो सकी थी। शनिवार सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक सडीआरएफ की टीम खोज कर रही है, परंतु कोई सफलता अभी तक नहीं मिली।

# रामनगरी अयोध्या को जल्द ही ओपन एयर थियेटर की एक और सौगात



**अखंड भारत संदेश**

**अयोध्या।** अयोध्या को योगी सरकार की ओर से एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। त्रेता युग से जुड़ा ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल गुप्तार घाट अब ओपन एयर थिएटर के रूप में नई पहचान पाने जा रहा है। पर्यटन विकास की दिशा में चल रहे तीसरे चरण का कार्य अब अंतिम दौर में है और इसे होली तक आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा गुप्तार घाट पर बन रहा यह ओपन एयर थिएटर लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है यहां रावण वध, हनुमान और जटायु की भव्य मूर्तियां स्थापित की गई हैं, जो रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप देंगी। थिएटर में विशेष रूप से एक विशाल स्क्रीन बनाई गई है, जहां भगवान राम से जुड़े प्रसंगों पर आधारित फिल्में और चलचित्र दिखाए जाएंगे मान्यता है कि भगवान राम ने इसी गुप्तार घाट से जल समाधि ली थी और सरयू नदी में अंतिम बार प्रवेश किया था, इसी कारण यह स्थान राम भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। ओपन एयर थिएटर में पार्किंग, पाथवे, टिकट घर, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक और किचन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही विद्युतीकरण और हॉर्टिकल्चर का कार्य भी तेजी से चल रहा है कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि यह थिएटर रामायण के उन दृश्यों को प्रदर्शित करेगा, जिन्हें लोग अब तक केवल ग्रंथों में पढ़ते आए हैं।

## सीटेट की पहली पाली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**5240 में से 4840 अभ्यर्थी हुए शामिल, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम**

**अयोध्या।** जनपद अयोध्या में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की प्रथम पाली शनिवार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा समन्वयक विष्णु गुप्ता ने बताया कि जनपद में निर्धारित 5240 परीक्षार्थियों में से 4840 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 400 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल, अव्यवस्था या अन्य किसी तरह की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। शनिवार को सीटेट परीक्षा केवल एक पाली में आयोजित की गई थी, जबकि रविवार को परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। रविवार की परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है, ताकि परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 161 शिकायतें 11 शिकायतों का हुआ मौके पर ही निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**



**अयोध्या।** शनिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर की मौजूदगी में तहसील मिल्कीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत अगरवा में राशन कार्ड में नाम न जोड़ने की शिकायत की है,जिस पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को जांच कर राशन कार्ड बनाने को कहा शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत चांदपुर में जमीन की पैमाइस कराने की शिकायत की,जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को टीम बनाकर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी तरह ग्राम पंचायत बरईपारा में भूमि विवाद व ग्राम पंचायत तरौली में रास्ते को बंद करने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 161 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में मुख्यतः भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर, खण्ड विकास अधिकारी मिल्कीपुर, तहसीलदार मिल्कीपुर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नयाघाट पुल के पास महिला से झपटमारी

**कान से झुमकी खींचने में घायल, अस्पताल में लगाए गए टांके**

**अखंड भारत संदेश**



**अयोध्या।** जनपद में झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गोंडा के करनैलगंज से अयोध्या लौट रही एक महिला के साथ नयाघाट पुल के पास बाइक सवार युवकों ने झपटमारी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं गोसाईगंज थाना क्षेत्र निवासी अनीता गुप्ता (55), पत्नी मनोज गुप्ता, अपने पति के साथ एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रही थीं। जैसे ही दंपती अयोध्या क्षेत्र में नयाघाट पुल के समीप पहुंचे, तभी बाइक सवार दो युवक किसी अन्य वाहन से अचानक उनके करीब आए और महिला के कान से सोने की झुमकी झपट ली झुमकी खींचने के दौरान महिला का कान बुरी तरह फट गया, जिससे वह लहूलुहान हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल श्रीराम अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने कान में टांके लगाए। फिलहाल महिला का उपचार जारी है। घटना के संबंध में पीड़िता के पति की ओर से नयाघाट पुलिस चौकी में लिखित तहरीर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

अगर चाहें तो मैं इसे और तीखा हेडिंग, संक्षिप्त संस्करण, या डिजिटल ब्रेकिंग न्यूज स्टाइल में भी तैयार कर सकता हूँ।

# 22 फरवरी को लगेगा वृहद विधिक सहायता शिविर

**संपूर्ण समाधान दिवस में प्री-कैम्प आयोजित, मध्यस्थता अभियान 2.0 का हुआ प्रचार**

**अखंड भारत संदेश**




**अयोध्या।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में जनपद अयोध्या में 22 फरवरी को वृहद/मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्री-कैम्प आयोजित कर आमजन को शिविर की रूपरेखा से अवगत कराया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रंजिनी शुक्ला ने बताया कि यह शिविर समाज के निर्बल वर्गों–महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों, अनुसूचित जाति-जनजाति, निर्धन परिवारों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों–के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संबंधित विभागों की योजनाओं को चिन्हित कर पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मेगा विधिक सेवा शिविर में महिला सशक्तिकरण, निर्धन वर्ग की बीमा योजनाएं, असंगठित श्रम विभाग की योजनाएं, जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आमजन को विधिक साक्षरता से जोड़ते हुए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 की जानकारी भी दी गई। सचिव ने बताया कि अभियान के तहत न्यायालयों में लंबित ऐसे मामलों को चिन्हित किया जा रहा है, जो मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर आपसी सहमति से विवाद निस्तारण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मामलों का शीघ्र, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान कर समय व धन की बचत कराना है उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 44 विभागों–जैसे जिला विकास, खंड विकास, समाज कल्याण, दिव्यांग सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य–को शिविर में शामिल किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक किया जाएगा। अंत में सचिव रंजिनी शुक्ला ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर तथा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का त्वरित समाधान कराएं।

# रामनगरी में पहली बार अश्वमेध यज्ञ आज से

**बालू घाट से निकलेगी कलश यात्रा, देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु**

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में पहली बार आयोजित हो रहे अश्वमेध यज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार से शुरू होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यज्ञ स्थल बालू घाट पर दिव्य और भव्य पंडाल का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचने लगे हैं। विश्व मातेश्वरी परिवार के तत्वावधान में आयोजित यह अश्वमेध यज्ञ 16 फरवरी तक चलेगा। आयोजन की शुरूआत रविवार सुबह नौ बजे बालू घाट से भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। कलश यात्रा हाथी, घोड़ा, बग्घी और बैंड-बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी। श्रद्धालु सरयू जल लेकर पुनः बालू घाट स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य धमार्नंद पांडेय ने बताया कि नौ फरवरी से प्रतिदिन ध्यान योग शिविर, हवन-पूजन और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी को सरयू तट पर भव्य महाआरती का आयोजन होगा उन्होंने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने के लिए बैंकॉक, दिल्ली, मुंबई सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और साधु-संतों में विशेष उत्साह का माहौल है।


## सार्वजनिक सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतक दल जनलोक प्रकाश पार्टी (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 6/12/36,मुराई टोला, हैदरगंज,बड़ा रमना, फैजाबाद (पूरा पता लिखें) में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारी के नाम/पता नीचे दिए गए है–**

| | |
|---|---|
| सभापति/अध्यक्ष | : ओम प्रकाश श्रीवास्तव |
| पता | : 6/12/36, मुराई टोला, हैदरगंज, बड़ा रमना, फैजाबाद। |
| महासचिव/सचिव | : सचिन शंकर |
| पता | : मकान संख्या 1419 हैदरगंज बगिया फैजाबाद। |
| कोषाध्यक्ष | : अभिषेक श्रीवास्तव |
| पता | : 6/12/11, मुगलपुरा, हैदरगंज, अयोध्या फैजाबाद। |

**यदि किसी को जनलोक प्रकाश पार्टी (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेंजें।**



**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा


# नौकरी के बहाने बुलाया घर... नशीली दवा खिलाकर जबरन किया गंदा काम, रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में महिला को नौकरी दिलाने के बहाने घर बुलाकर नशीली दवा खिलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। मामले में महिला की शिकायत पर शुक्रवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि इनायतनगर थाना क्षेत्र के मुकीमपुर उर्फ पहाड़पुर केवटहिया के रामअवतार सरसों की पेराई करने गांव में आता है। आने जाने से परिचय हो गया। पिछले छह माह से राम अवतार मुझे नौकरी दिलाने व मेरे बच्चों को पांच-पांच लाख रुपये देने के लिए घर बुलाता था। बुधवार को भी उसके बुलाने पर जब घर गई तो उसने कोई दवा खिला दी। इससे उसे चक्कर जैसा आने लगा। इसके बाद जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने लगा तो पीड़िता ने विरोध किया। इस पर आरोपी ने जातिसूचक गालियां दीं और पीटा। इसके साथ ही जबरन संबंध बनाया थाना प्रभारी इनायत नगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# फैजाबाद बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया रहे मुख्य अतिथि, कचहरी परिसर में हुआ आयोजन**




**अयोध्या।** कचहरी परिसर में शनिवार को फैजाबाद बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया रहे। समारोह में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश रणजय वर्मा, जिलाधिकारी निखिल कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर सहित कई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष पद पर कालिका प्रसाद मिश्रा, महामंत्री पद पर शैलेंद्र कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार उपाध्याय तथा कोषाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार दुबे शामिल रहे। पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा बनाए रखने और अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने का संकल्प लिया समारोह के दौरान वक्ताओं ने न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बार और बेंच के समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।